


www.currentnewsdainik.com https://currentnews1807 @currentnews1807

नई दिल्ली से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल व अन्य राज्यो से प्रसारित


# करंट न्यूज


शासकीय विज्ञापन प्राप्त करने के लिए मान्यता प्राप्त

खबर घर-घर तक

दिल्ली, वर्ष-37, अंक-50, बुधवार,19 फरवरी-2025 | शब्द कूटांक तिथि-तत्वा कृति कर गो5ब्जा | email:currentnews1807@gmail.com | R.N.I. No.-54423/92




## राष्ट्रीय

### कतर के अमीर का राष्ट्रपति भवन में रस्मी स्वागत

**नई दिल्ली** । भारत यात्रा पर आए कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी का मंगलवार को राष्ट्रपति भवन में रस्मी स्वागत किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में कतर के अमीर का पारंपरिक स्वागत किया। वह सोमवार की रात दो दिन की यात्रा पर यहां पहुंचे थे।

श्री मोदी ने उनके आगमन पर प्रोटोकॉल तोड़ कर स्वयं हवाई अड्डे पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया था।

इसके बाद अमीर राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। इसके पश्चात हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनकी द्विपक्षीय बैठक होगी। शाम को अमीर राष्ट्रपति मुर्मु से भेंट करेंगे। राष्ट्रपति भवन में उनके सम्मान में रात्रिभोज का आयोजन किया जाएगा। इसके पश्चात रात में वह स्वदेश लौट जाएंगे।

### उत्तराखंड विस का बजट सत्र शुरू, राज्यपाल के अभिभाषण का विरोध

**देहरादून**, । उत्तराखंड विधानसभा का बजट सत्र मंगलवार को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत) गुरमीत सिंह के अभिभाषण से शुरू हो गया। अभिभाषण शुरू होते ही विपक्षी कांग्रेस विधायकों ने सत्र अवधि बढ़ाने के लिए नारेबाजी शुरू कर दी और वेल में आ गए है। इस मध्य, राज्यपाल का अभिभाषण जारी है। अब मध्याह्न तीन बजे विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण अभिभाषण का वाचन करेंगी।

राज्यपाल ने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू करने वाला उत्तराखंड, देश का पहला राज्य है। इसमें प्रमुख रूप से महिला हितों की रक्षा की गई है। सत्र से पहले मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष ऋतु भूषण से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल, विधायक खजान दास और पार्वती दास भी मौजूद रहे।

उल्लेखनीय है कि सोमवार को हुई कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में 18 से 20 फरवरी तक सदन संचालन का मसौदा निश्चित किया गया। जिसमें राज्यपाल के अभिभाषण के बाद उस पर चर्चा और धन्यवाद प्रस्ताव होगा।

### भिंड हादसे के मृतकों के परिजन के लिए यादव की सहायता राशि की घोषणा

**भोपाल** । मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भिंड जिले में आज सुबह हुए हादसे पर दुख्ख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजन के लिए चार-चार लाख रुपए की सहायता राशि की घोषणा की है।

डॉ यादव ने एक्स पोस्ट में कहा कि भिंड जिले अंतर्गत जवाहरपुरा गांव के नजदीक नेशनल हाईवे पर भीषण सड़क दुर्घटना में कई लोगों के असामयिक निधन का समाचार अत्यंत ही दुखद है।

उन्होंने संवेदनाएं प्रकट करते हुए कहा कि हादसे में कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनके समुचित उपचार की व्यवस्था हेतु जिला प्रशासन को निर्देशित किया जा चुका है।

ुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क हादसे में मृतकों के परिजन को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि, गंभीर घायलों को 1-1 लाख रुपए एवं सामान्य घायलों को 50-50 हजार रुपए की राशि स्वीकृत करने के निर्देश दिए हैं।भिंड जिले में भिंड इटावा मार्ग पर जवाहरपुरा गांव के पास आज सुबह डंपर की टक्कर के कारण एक अन्य वाहन में सवार पांच लोगों की मौत हो गयी और

# एक दिन पहले प्रोटोकॉल तोड़कर किया स्वागत, अब बड़े टारगेट पर नजर, कतर के साथ क्या बना भारत का प्लान

**नई दिल्ली**- भारत और कतर के बीच रिश?तों को और मजबूत किया जाएगा। इसकी पिच तैयार हो गई है। एक दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रोटोकॉल तोड़कर कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी का स्वागत करने खुद एयरपोर्ट पहुंचे थे। गले लगाकर पीएम ने गर्मजोशी से अल-थानी का वेलकेम किया था। मंगलवार को दोनों ने एक समझौते के तहत बड़ा टारगेट सेट किया। भारत और कतर अगले पांच सालों में अपने व्यापार को दोगुना करके 28 अरब डॉलर करेंगे। एक मुक्त व्यापार समझौते (स्न्नञ्ज) की भी संभावना तलाशी जा रही है। दोनों देशों में व्यापार और निवेश में जोरदार बढ़ोतरी हुई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में द्विपक्षीय व्यापार 14.08 अरब डॉलर का रहा।

यह घोषणा अमीर के दो दिवसीय भारत दौरे के दौरान हुई है। इसका मकसद दोनों देशों के बीच गहरे और पारंपरिक संबंधों को और मजबूत करना है। दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, प्रौद्योगिकी और ऊर्जा के क्षेत्रों में साझेदारी को नई ऊंचाई पर ले जाने का फैसला किया है। क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी बातचीत की।

प्रधानमंत्री मोदी और कतर के अमीर के बीच यह महत्वपूर्ण बैठक नई दिल्ली में हुई। इससे पहले अमीर ने मार्च 2015 में भारत का दौरा किया था। विदेश मंत्रालय (रूश्व) ने इस दौरे को दोनों देशों के बीच बढ़ती बहुआयामी साझेदारी को और रफ्तार देने वाला बताया। अमीर के भारत आगमन पर पीएम मोदी प्रोटोकॉल तोड़कर एयरपोर्ट पर उनका खुद



स?वागत करने पहुंचे थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया। पीएम मोदी भी इस अवसर पर मौजूद थे। इसके बाद, मोदी और अमीर के बीच हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय मुद्दों पर व्यापक बातचीत हुई।

**5 साल में व्यापार को दोगुना करने का टारगेट**

भारत और कतर के बीच वर्तमान में लगभग 14 अरब डॉलर का सालाना व्यापार होता है। दोनों पक्षों ने अगले 5 सालों में इसे दोगुना करने का लक्ष्य रखा है। कतर भारत में निवेश के लिए भी एक महत्वपूर्ण पार्टनर है। दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी स्थापित करने पर एक समझौते का आदान-प्रदान हुआ। यह समझौता प्रधानमंत्री मोदी और कतर के अमीर की उपस्थिति में कतर के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान बिन जसीम अल थानी और विदेश मंत्री एस जयशंकर के बीच हुआ।

हैदराबाद हाउस में आयोजित समझौतों के आदान-प्रदान समारोह में आय पर करों के संबंध में दोहरे कराधान से बचाव की रोकथाम के लिए एक संशोधित समझौते का भी आदान-प्रदान किया गया। कतर के प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस समझौते का आदान-प्रदान किया।

**कतर से किन चीजों का लेनदेन?**

भारत और कतर के बीच व्यापार और निवेश में खासा बढ़ोतरी हुई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में द्विपक्षीय व्यापार 14.08 अरब डॉलर का रहा। भारत कतर से LNG, LPG, रसायन, पेट्रोकेमिकल, प्लास्टिक और एल्युमीनियम इत्याद का आयात करता है। कतर को अनाज, तांबा, लोहा और स्टील, सब्जियां, फल, मसाले, प्रोसेस्ड फूड प्रोडक्ट, बिजली उपकरण, प्लास्टिक उत्पाद, निर्माण सामग्री, कपड़ा, रसायन, कीमती पत्थर और रबर आदि का निर्यात करता है।

**बड़ा है भारत में कतर का निवेश**

DPIIT के अनुसार, कतर का भारत में स्न्नष्ठढ्ढ 1.5 अरब डॉलर से ज्?यादा है। कतर निवेश प्राधिकरण (QIA) ने रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड (RRVL), इंडोस्पेस लॉजिस्टिक्स पार्क , ग्लोबल डेंटल सर्विसेज और श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड में निवेश किया है। त्तढ्ढ ने वर्ष 2021 में और 4 में भी निवेश किया था। Invest Qatar के अनुसार, भारतीय कंपनियों ने 2017-2025 के दौरान कतर में 35.6 करोड़ डॉलर का निवेश किया है। लार्सन एंड टुब्रो, वोल्टास, शापूरजी पलोनजी, विप्रो, ञ्जष्टस्, टेक महिंद्रा और लुलु जैसी प्रमुख भारतीय कंपनियां कतर में काम कर रही हैं।

ऊर्जा के क्षेत्र में कतर भारत के लिए LNG और LPG का सबसे बड़ा सप्?लायर है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत ने कतर से 10.91 MMT LNG और 4.92 रूरूञ्ज रुक्क्त का आयात किया। यह भारत के कुल रुहृत्र और रुक्क्त आयात का लगभग 46त्न और 26त्न है।

**8.30 लाख से ज्?यादा भारतीय रहते हैं**

भारत और कतर के लोगों के बीच मजबूत संबंध हैं। कतर में 8,30,000 से अधिक भारतीय रहते हैं, जो वहां का सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है। ये चिकित्सा, इंजीनियरिंग, शिक्षा, वित्त, बैंकिंग, व्यापार और मीडिया सहित विभिन्न क्षेत्रों में काम करते हैं। 2019 को भारत-कतर संस्कृति वर्ष के रूप में मनाया गया। कतर में 19 भारतीय स्कूल और एक भारतीय विश्वविद्यालय है।

# मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था को कर दिया बर्बाद : खरगे



**नई दिल्ली** । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मोदी सरकार की नीतियों को देश के आर्थिक विकास के दिए दिशाहीन तथा नीतिहीन करार देते हुए कहा है कि इससे देश की अर्थव्यवस्था चौपट हो गई है और देशवासियों का जीवन बर्बाद हो रहा है।

श्री खरगे ने कहा इससे अधिक विडंबनापूर्ण कुछ नहीं हो सकता कि मोदी सरकार के वित्त मंत्री यह कहें कि हमारी अर्थव्यवस्था %अच्छा रिटर्न% दे रही है। इस साल अब तक भारतीय शेयर बाजारों से 45 लाख करोड़ रुपए का सफाया हो चुका है। निफ्टी 50 कंपनियों ने 5 वर्षों में सबसे खराब तिमाही लाभ वृद्धि दिखाई है। अक्टूबर से विदेशी निवेशकों ने 1.56 लाख करोड़ रुपये से अधिक के शेयर बेचे हैं जिसमें 2025 में लगभग एक लाख लाख करोड़ भी शामिल है जिसके कारण छोटे और मध्यम निवेशकों की संपत्ति खत्म हो गई है।

उन्होंने कहा रुपया 87 पर, मतलब व्यापार घाटा आसमान छू रहा है। पिछले 05 वर्षों में आयात 62.21 प्रतिशत बढ़ गया है। मोदी सरकार की व्यापार नीति भारत के लिए विनाशकारी है। निर्यात वृद्धि यूपीए सरकार में 2004-14 में 549.36 मोदी 2014-24 -24.72 प्रतिशत अप्रैल- नवंबर 2024 तक ही। इस सरकार ने पिछले 10 वर्षों में 10 लाख करोड़ रुपयेका कॉर्पोरेट टैक्स राजस्व माफ कर दिया है, इस उम्मीद में कि वे नौकरियां पैदा करेंगे लेकिन कॉर्पोरेट करों में कटौती से लाभान्वित होने वाली 9 में से 8 कंपनियों ने नौकरियां कम कर दी हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष ने मोदी सरकार को दृष्टिहीन, दिशाहीन और नीतिहीन करार देते हुए कहा कि इस सरकार ने भारतीय अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया है जिसके कारण देशवासियों का जीवन बर्बाद हो गया है।

उन्होंने देश के समक्ष मौजूद स्थितियों का जिक्र करते हुए कहा भारत वैश्विक टैरिफ युद्ध का सामना कर रहा है। हमारा विनिर्माण क्षेत्र डूब रहा है।

# राजीव कुमार ने देश की चुनाव प्रणाली का तमाशा बना दिया : संजय राउत



**मुंबई** । शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने मंगलवार को विभिन्न मुद्दों को लेकर अपनी बातें रखी।

संजय राउत ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की नियुक्ति के संदर्भ में कहा कि राहुल गांधी चयन समिति का हिस्सा हैं। उन्होंने इसे लेकर खुलकर अपनी बात रखी है। उन्होंने पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को लेकर भी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि राजीव कुमार ने देश में चुनाव की प्रणाली का तमाशा बनाकर रख दिया था, जिसे एक लोकतांत्रिक राष्ट्र में कभी भी स्वीकार नहीं किया जा सकता है। वे अब चले गए हैं, तो अब यह देखने वाली बात होगी कि ज्ञानेश कुमार इस तमाशे को बंद करते हैं या इसे चलने देते हैं।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से राजीव कुमार ने देश का नुकसान किया है, उसे देखते हुए इतिहास उन्हें कभी माफ नहीं करेगा। आपने जिस तरह से महाराष्ट्र में बेईमान लोगों को मान्यता दी है, उसे लेकर इतिहास आपको कभी माफ नहीं करेगा।

# आधी रात को चुनाव आयुक्त की नियुक्ति करना मोदी-शाह की असभ्यता : राहुल

**नई दिल्ली** । लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर आरोप लगाया है कि उन्होंने आधी रात को नये मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति कर सबको चौंकाया ही नहीं है बल्कि संवैधानिक कदम उठाकर असभ्य होने का भी परिचय दिया है।

श्री गांधी ने मंगलवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि उन्होंने नए चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के लिए सोमवार को हुई बैठक में अपनी असहमति यह कहते हुए व्यक्त की थी कि समिति से देश के मुख्य न्यायाधीश को हटाना गलत है और उनकी जगह गृहमंत्री अमित शाह को समिति में रखना अनुचित है। यह मामला न्यायालय में है और बुधवार को इस बारे में उच्चतम न्यायालय को फैसला देना है इसलिए इस मुद्दे को 19 फरवरी तक स्थगित किया जाना चाहिए लेकिन सरकार ने उनकी असहमति पर ध्यान दिए बिना आधी रात को नये चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की अधिसूचना जारी कर दी और इस कदम को सभ्य नहीं कहा जा



सकता है।

उन्होंने कहा अगले चुनाव आयुक्त का चयन करने के लिए समिति की बैठक के दौरान मैंने प्रधानमंत्री और गृह मंत्री को एक असहमति नोट प्रस्तुत किया जिसमें कहा गया है कि एक स्वतंत्र चुनाव आयोग का सबसे बुनियादी पहलू चुनाव आयुक्त और मुख्य चुनाव आयुक्त को चुनने की प्रक्रिया है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करके और भारत के मुख्य न्यायाधीश को समिति से हटाकर सरकार ने चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता पर करोड़ों मतदाताओं की चिंता को बढ़ा दिया है।

श्री गांधी ने लिखा 卐नेता प्रतिपक्ष के रूप में यह मेरा कर्तव्य है कि मैं बाबा साहेब अम्बेडकर और हमारे देश के संस्थापक नेताओं के आदर्शों को कायम रखूं और सरकार को जिम्मेदार ठहराऊं। नई सीईसी का चयन करने के लिए आधी रात को निर्णय लेना प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के लिए अपमानजनक और असभ्य दोनों है, जब समिति की संरचना और प्रक्रिया को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी जा रही है और अड़तालीस घंटे से भी कम समय में सुनवाई होनी है ।

### भगदड़ के विरोध में युवा कांग्रेस का प्रदर्शन, मांगा रेल मंत्री का इस्तीफा

**नई दिल्ली** । युवा कांग्रेस ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में कई लोगों के मारे जाने पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए इस घटना के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को जिम्मेदार बताते हुए मंगलवार को यहां प्रदर्शन किया और श्री वैष्णव से तत्काल इस्तीफा देने की मांग की।

युवा कांग्रेस के प्रवक्ता वरुण पांडे ने यह जानकारी देते हुए बताया कि प्रदर्शनकारी युवाओं ने जबरन रेल मंत्रालय की तरफ जाने का प्रयास किया, लेकिन भारी पुलिस बंदोबस्त के कारण उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने रेल मंत्री का पुतला फूंका और उनसे इस्तीफ़ा मांगा। इस दौरान प्रदर्शनकारी हाथों में बैनर और तख्तियां लिए हुए थे, जिन पर मरने वालों के आंकड़े नहीं छुपाने, भगदड़ नहीं नरसंहार जैसे नारे लिखे हुए थे।

श्री पांडे के अनुसार इस दौरान युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब ने प्रदर्शनकारी युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह भगदड़ या हादसा नहीं बल्कि नरसंहार है। रेल मंत्री अपने कर्तव्य का निर्वाह करने में विफल रहे हैं इसलिए उन्हें तत्काल इस्तीफा देना चाहिए।

# विधानसभा परिसर में मुख्यमंत्री धामी ने किया मीडिया को सम्बोधित

## राज्य सरकार हर दृष्टि से से उत्तराखंड को बढ़ा रही है आगे: मुख्यमंत्री धामी

**देहरादून**-विधानसभा परिसर में मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि बजट सत्र की शुरुआत में मा.राज्यपाल जी ने अपने अभिभाषण में सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं का उल्लेख किया है। मा. राज्यपाल जी ने अपने अभिभाषण में राज्य को लेकर जो भी रोडमैप रखा है। उस पर राज्य सरकार प्राथमिकता से कार्य करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार, प्रदेश के विकास में समर्पित होकर नवाचार के साथ आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा उत्तराखंड राज्य अपनी रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर चुका है। राज्य की विकास यात्रा अनवरत जारी रहे, इसके लिए बजट में प्रावधान किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 21 वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक बताया था, जिस संकल्प को आत्मसार करने हेतु राज्य सरकार संकल्पित हैं। उन्होंने कहा विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने



के लिए उत्तराखंड राज्य भी अपना योगदान दे रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार हर दृष्टि से उत्तराखंड को आगे बढ़ा रही है। राज्य में 38वे राष्ट्रीय खेल सफलतापूर्वक संपन्न हुए हैं। जो हमारे राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि है।

देश में सर्वप्रथम समान नागरिक संहिता लागू करने का सौभाग्य हमारे राज्य को प्राप्त हुआ है। नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्यों की सूची में उत्तराखंड प्रथम स्थान पर आया है। बेरोजगारी दर में 4.4त्न की कमी आई है। उत्तराखंड द्वारा लिए जा रहे अनेक ऐतिहासिक निर्णय अन्य राज्यों के लिए भी आदर्श उदाहरण बन रहे हैं। आज उत्तराखंड भारत का श्रेष्ठ राज्य बनने की ओर अग्रसर है। हमारा संकल्प है कि हम उत्तराखंड को भारत सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार जन भावनाओं के अनुरूप ही कार्य करेगी। उन्होंने कहा पक्ष विपक्ष सभी ने मिलकर सदन को चलाना है। सदन सही प्रकार से चले यह सबकी जिम्मेदारी है।

# राज्य सरकार हर दृष्टि से से उत्तराखंड को बढ़ा रही है आगे:मुख्यमंत्री धामी

**देहरादून**- विधानसभा परिसर में मीडिया से बात करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि बजट सत्र की शुरुआत में मा.राज्यपाल जी ने अपने अभिभाषण में सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं का उल्लेख किया है। मा. राज्यपाल जी ने अपने अभिभाषण में राज्य को लेकर जो भी रोडमैप रखा है। उस पर राज्य सरकार प्राथमिकता से कार्य करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार, प्रदेश के विकास में समर्पित होकर नवाचार के साथ आगे बढ़ेगी। उन्होंने कहा उत्तराखंड राज्य अपनी रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर चुका है। राज्य की विकास यात्रा अनवरत जारी रहे, इसके लिए बजट में प्रावधान किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 21 वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक बताया था, जिस संकल्प को आत्मसार करने हेतु राज्य सरकार संकल्पित हैं। उन्होंने कहा विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए उत्तराखंड राज्य भी अपना योगदान दे रहा है।



मुख्यमंत्री ने कहा राज्य सरकार हर दृष्टि से उत्तराखंड को आगे बढ़ा रही है। राज्य में 38वे राष्ट्रीय खेल सफलतापूर्वक संपन्न हुए हैं। जो हमारे राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि है।

देश में सर्वप्रथम समान नागरिक संहिता लागू करने का सौभाग्य हमारे राज्य को प्राप्त हुआ है। नीति आयोग द्वारा जारी सतत विकास लक्ष्यों की सूची में उत्तराखंड प्रथम स्थान पर आया है। बेरोजगारी दर में 4.4त्न की कमी आई है।

# रेलवे की सारी व्यवस्था दिखावटी...समय पर नहीं लिया गया ये फैसला, इन अधिकारियों पर गिरी गाज

ई दिल्ली। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन र शनिवार को भगदड़ में 18 ात्रियों की मौत से रेलवे प्रशासन ी कार्य प्रणाली पर प्रश्न खड़े होने गे हैं। अधिकारियों की लापरवाही े लोगों की जान चली गई। भीड़ ढ़ती गई लेकिन उसे नियंत्रित करने ा प्लेटफार्म पर उन्हें आने से रोकने े लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। ात्रियों को अपनी सुरक्षा की चिंता ई दिल्ली जैसे महत्वपूर्ण स्टेशन पर अव्यवस्था की इस स्थिति से यात्रियों ो अपनी सुरक्षा की चिंता सता रही । प्रयागराज जाने वालों की भीड़ पेछले कई दिनों से लग रही है। कई वशेष ट्रेन भी चलाई जा रही हैं। प्ताहांत पर भीड़ बढ़ने की संभावना ी थी, लेकिन इसे संभालने के लिए ोई व्यवस्था नहीं की गई। डीआरएम ने नहीं दिखाई गंभीरता इसे ेकर न दिल्ली मंडल के रेल प्रबंधक (डीआरएम) सुखविंदर सिंह ने गंभीरता दिखाई और न नई दिल्ली के रेलवे निदेशक महेश यादव ने। वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आइुक्त ने भी भीड़ प्रबंधन के लिए कोई कदम नहीं उठाया। इन अधिकारियों की लापरवाही से स्टेशन पर अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बिना टिकट लिए बड़ी संख्या में यात्री प्लेटफार्म पर पहुंच गए थे। उन्हें रोकने वाला कोई नहीं था। यह दावा किया जाता है कि नई दिल्ली सहित अन्य प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर बिना टिकट किसी भी यात्री को प्रवेश नहीं दिया जाता है। रेलवे प्रशासन के इस दावे से बिल्कुल उलट स्थिति थी। बेटिकट यात्री न सिर्फ प्लेटफार्म तक पहुंच गए बल्कि वह मगध, शिव गंगा व अन्य ट्रेनों के आरक्षित कोच में भी चढ़ गए। जनरल टिकट व प्रतीक्षा सूची वाले यात्री भी आरक्षित



कोच में कब्जा कर लिए जिससे वैध टिकट वाले यात्री प्लेटफार्म पर रह गए। प्रयागराज के लिए प्रति घंटा 15 सौ जनरल टिकट की बिक्री की जा रही थी। बताया जा रहा है कि लगभग नौ हजार जनरल टिकट प्रयागराज जाने वाले यात्रियों ने खरीदी। नियमित ट्रेनों में इतने यात्रियों के लिए जनरल कोच नहीं हैं। इसके बावजूद समय रहते न तो पर्याप्त संख्या में विशेष ट्रेन की घोषणा की गई और न इन यात्रियों को ट्रेन आने से पहले प्लेटफार्म पर जाने से रोकने के लिए कोई होल्डिंग एरिया बनाया गया।रेल प्रसासन ने यहां की भूल! उल्लेखनीय है कि 18 यात्रियों की जान जाने के बाद प्रयागराज के लिए तीन विशेष ट्रेनें चलाई गईं। यदि यह निर्णय पहले ले लिया जाता तो शायद लोगों की जान नहीं जाती। लोगों का कहना है कि शाम चार बजे से ही स्टेशन पर भीड़ बढ़ने लगी थी। उसके बाद भी न तो स्टेशन निदेशक और न ही वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त ने इसे लेकर कोई निर्णय लिया और न ही डीआरएम ने कोई आदेश जारी किया। दावा किया जाता है कि नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए इंटीग्रेटेड सीसीटीवी मानिटरिंग सिस्टम की व्यवस्था है। डीआरएम कार्यालय से स्क्रीन पर स्टेशन पर भीड़ व व्यवस्था पर नजर रखी जाती है। यह व्यवस्था दिखावटी साबित हुई। स्टेशन पर सुरक्षाकर्मियों की कमी के साथ ही आपात स्थिति से निपटने के लिए भी पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। इससे भगदड़ में गंभीर घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाने में परेशानी हुई।

## शालीमार गार्डन थाने पर व्यापारियों और भाजपा नेताओं ने किया अनौखे अंदाज में विरोध प्रदर्शन



**गाजियाबाद।** मिली जानकारी के अनुसार के शालीमार गार्डन थाने में भाजपा नेता और व्यापारियों ने अनोखे अंदाज में सिर मुड़वा कर विरोध प्रदर्शन किया। बताया जाता है पूर्व डिप्टी मेयर सरदार सिंह भाटी और अन्य नेताओं ने थाने में ही अपने सिर के बाल मुड़वाकर विरोध जताया।यह मामला एक महिला द्वारा व्यापारियों से रंगदारी वसूलने और झूठा मुकदमा दर्ज करवाने का बताया जाता है। पूर्व मेयर सरदार सिंह भाटी के अनुसार एक महिला, क्षेत्र के व्यापारियों से जबरन वसूली करती है। बताया जाता है कि पंजाबी रेस्टोरेंट से पहले मुफ्त खाना मांगा फिर मासिक रंगदारी की मांग की, जब रेस्टोरेंट मालिक ने भाटी और पार्षद पति कालीचरण पहलवान को उसकी जानकारी दी, और वे विरोध करने पहुंचे, तो महिला ने उन सभी के खिलाफ झूठा मुकदमा दर्ज करवा दिया। कालीचरण पहलवान का कहना है कि महिला ने उन पर गाड़ी रोककर हमला करने का झूठा आरोप लगाया है,जबकि वह पहले से ही रेस्टोरेंट में मौजूद थी। इस कार्रवाई के विरोध में भाजपा नेता और स्थानीय व्यापारी थाने पहुंचे। इस मामले में पुलिस ने मामले को सुलझाने का तीन दिन का समय मांगा है।भाटी ने चेतावनी दी है कि अगर तीन दिन में कार्रवाई नहीं हुई तो फिर से प्रदर्शन करेंगे।

## नाले के किनारे पड़ा मिला 6 महीने का अविकसित भ्रूण

**गाजियाबाद।** मिली जानकारी के अनुसार लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र के अमित विहार कॉलोनी में एक नाले के किनारे अविकशित भ्रूण पड़ा मिला। जिसकी उम्र करीब 6 महीने के आसपास बताई जा रही है। सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक की टीम मौके पर पहुंच गई। भ्रूण को एक प्लास्टिक के डिब्बे में सुरक्षित रखकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम को भेज दिया गया। पुलिस इस मामले में आसपास लगे सीसीटीवी टीवी कैमरे खंगाल रही है और अपनी जांच में लगी है।

## दिल्ली के इस इलाके में गरजा बुलडोजर, मचा हड़कंप; जमींदोज हुए कई अतिक्रमण




**बाहरी दिल्ली।** मुखर्जी नगर स्थित बत्रा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के पास अतिक्रमण हटाने के लिए बुलडोजर चलाया गया। दिल्ली नगर निगम की टीम ने दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण को हटाया। बुलडोजर की मदद से स्थायी अतिक्रमण को ध्वस्त किया गया। दुकानदारों ने किया विरोध निगम की इस कार्रवाई का दुकानदारों ने विरोध किया। काफी देर तक हंगामा होता रहा। निगम की टीम ने नौ दुकानों के बाहर फर्श और दीवार को ध्वस्त कर दिया। अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई सोमवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब नगर निगम सिविल लाइंस जोन की टीम दल-बल और बुलडोजर के साथ मुखर्जी नगर पहुंची। टीम ने बत्रा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के पास दुकानों के बाहर बरामदे में किए गए अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। बुलडोजर की मदद से बरामदे में बनाए गए फर्श, दीवार, रेलिंग को हटाया गया। इसी बीच बड़ी संख्या में दुकानदार एकत्र हो गए और नगर निगम की कार्रवाई का विरोध करने लगे। दुकानदारों का कहना था कि इस तरह की कार्रवाई करने से पहले निगम के अधिकारियों को दुकानदारों से बात करनी चाहिए थी। कुछ दुकानदार कार्रवाई के लिए निगम से और समय चाहते हैं। बाद में पुलिस और निगम अधिकारियों ने दुकानदारों को समझाया और अपनी कार्रवाई फिर से शुरू की। करीब दो घंटे तक चले इस अभियान के दौरान नौ दुकानों के बाहर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। अस्थायी अतिक्रमण हटाया निगम अधिकारी ने बताया कि दुकानदारों ने अस्थायी अतिक्रमण कर रखा था, जिसे आज हटा दिया गया है। यह अभियान आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा। पूरे इलाके से अतिक्रमण हटाया जाएगा।

## दिल्ली में पुलिस ने शुरू की ताबड़तोड़ कार्रवाई; 184 लोग गिरफ्तार, 1347 आरोपी हिरासत में

**अखण्ड आवाज अर्जुन मिश्रा**



**बाहरी दिल्ली।** ऑपरेशन कवच 7.0 के तहत बाहरी जिला पुलिस ने 51 जगहों पर छापेमारी कर 184 आरोपितों को गिरफ्तार किया। वहीं, 1347 आरोपित हिरासत में लिए गए। यह अभियान 12 फरवरी से 13 फरवरी तक 24 घंटे तक चले इस अभियान के तहत ड्रग्स, अवैध हथियार, धारदार हथियार और नकदी जब्त की गई। बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने बताया कि बाहरी जिला पुलिस ने 1804 ग्राम गांजा, 10.41 ग्राम हीरोइन और 3.78 ग्राम स्मैक समेत आठ ड्रग तस्करों को गिरफ्तार किया। वहीं, 1070.5 लीटर अवैध शराब, 82 बीयर की बोतलें और पांच हुक्के जब्त किए। 25 शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, टीम ने छह अन्य आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से पांच चाकू, एक पिस्टल और एक कारतूस जब्त किए। आबकारी अधिनियम के तहत 85 लोग गिरफ्तार अवैध जुआ गतिविधियों के खिलाफ छापेमारी की गई, दो जुआरियों को गिरफ्तार किया और जुआ सामग्री के साथ 5,650 रुपये नकद जब्त किए। 57 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। आबकारी अधिनियम के तहत 85 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। 40बी आबकारी अधिनियम के तहत सात व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। वहीं, 129 बीएनएसएस के 13 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। 92,93,97 डीपी अधिनियम के 28 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। 65 डीपी अधिनियम के 1,214 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। 66 डीपी अधिनियम के तहत 129 वाहन जब्त किए गए। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर तम्बाकू उत्पादों के उपयोग को रोकने और (सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम) के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए, पुलिस ने 84 चालान जारी किए।

# 830 क्वार्टर अवैध हरियाणा की शराब के साथ एक महिला और एक व्यक्ति गिरफ्तार

शाहदरा जिला के विवेक विहार क्षेत्र में 16 फरवरी 2025 को कांस्टेबल सुभाष और कांस्टेबल सचिन, एसएचओ विवेक विहार की देखरेख में बीट क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। गश्त के दौरान वे मकान ठड. 241, गली नंबर 6, ज्वाला नगर, दिल्ली के पास पहुंचे और देखा कि एक महिला अवैध शराब स्कूटी डिग्गी में लोड कर रही है और उसके घर की सीढ़ियों पर अवैध शराब से भरे कुछ प्लास्टिक के डिब्बे भी रखे हुए थे और एक आदमी स्कूटी में अवैध शराब लोड करने में उसकी मदद कर



रहा था। पुलिस पार्टी को देखकर दोनों आरोपी कांप गये और मौके से भागने की कोशिश करने लगे। सतर्क स्टाफ ने उन्हें पकड़ लिया। महिला की पहचान प्रीति पत्नी सन्नी, 32 वर्ष और दूसरा आरोपी की पहचान असलम पुत्र इस्लाम - 47 वर्ष के रूप में हुई। स्टाफ ने तुरंत एस एच ओ विवेक विहार और ड्यूटी अधिकारी को इस संबंध में सूचित किया। एस एच ओ विवेक विहार के निर्देश पर एएसआई राजवर्धन और महिला कांस्टेबल नीटू आवश्यक कार्रवाई के लिए मौके पर पहुंचे और आरोपी प्रीती और असलम को गिरफ्तार कर लिया गया। स्कूटी डिग्गी और सीढ़ियों पर रखी अन्य प्लास्टिक की थैलियों की जांच करने पर, आरोपी के कब्जे से कुल 830 क्वार्टर हरियाणा की अवैध शराब बरामद की गई।तदनुसार, धारा 33/52/58 दिल्ली उत्पाद शुल्क अधिनियम थाना विवेक विहार के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच शुरू की गई है। विस्तार से पूछताछ के दौरान आरोपी प्रीति की पिछले दो मामलों में संलिप्तता पाई गई है।

# आंदोलन ले रहा है खतरनाक मोड़, छात्रों ने किया कक्षाओं का बहिष्कार; मांगों में ये सारी बातें शामिल

**नई दिल्ली।** जामिया मिलिया इस्लामिया के कई छात्रों ने दो पीएचडी स्कॉलर के खिलाफ पहले की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई के खिलाफ प्रदर्शन में भाग लेने वाले 17 छात्रों के निलंबन के विरोध में सोमवार को कक्षाओं का बहिष्कार किया। विश्वविद्यालय के मुख्य प्रॉक्टर को हटाने की मांग छात्रों का समर्थन करते हुए, बिहार के काराकाट से सीपीआई-एमएल लिबरेशन के सांसद राजा राम सिंह ने जामिया मिलिया इस्लामिया के कुलपति मजहर आसिफ से छात्रों के



खिलाफ एफआईआर वापस लेने और "छात्रों के व्यक्तिगत विवरण को अवैध रूप से प्रकाशित करने" के लिए विश्वविद्यालय के मुख्य प्रॉक्टर को हटाने का आग्रह किया। वामपंथी विचारधारा से जुड़े ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन ने बहिष्कार का आह्वान करते हुए विश्वविद्यालय पर छात्र आंदोलन को दबाने का आरोप लगाया।

छात्र संगठन ने एक बयान में कहा, "जामिया प्रशासन हमें निष्कासित कर सकता है, लेकिन हमारे प्रतिरोध को दबा नहीं सकता। दमन के खिलाफ छात्र बहिष्कार में एकजुट हैं। हम चुप रहने से इनकार करते हैं।" प्रदर्शनकारी छात्रों ने हाइजीनिक कैंटीन से छात्र कल्याण के डीन के कार्यालय तक मार्च किया और निलंबन को तत्काल रद्द करने की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी की याचिका पर सत्येंद्र जैन से मांगा जवाब, अगली सुनवाई 3 मार्च को

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने आप नेता सत्येंद्र जैन से प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की उस याचिका पर जवाब मांगा, जिसमें उनके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोप तय करने पर बहस टालने की मांग की गई है। न्यायमूर्ति विकास महाजन ने आप नेता की लंबित याचिका में ईडी द्वारा दायर आवेदन पर सत्येंद्र जैन को नोटिस जारी किया। हाईकोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई तीन मार्च को तय की है। मुख्य याचिका में सत्येंद्र जैन ने आरोपों पर बहस इस आधार पर टालने की मांग की है कि मामले में जांच अभी पूरी नहीं हुई है और यह न्याय के हित में होगा कि जांच पूरी होने के बाद ही आरोपों पर बहस सुनी जाए। पूरक



अभियोजन शिकायत दाखिल होने तक सुनवाई स्थगित वहीं, ईडी ने अपने आवेदन में हाईकोर्ट से अनुरोध किया कि वह विशेष अदालत को आरोप के बिंदु पर सुनवाई तब तक टालने का निर्देश दे, जब तक कि उसके द्वारा पूरक अभियोजन शिकायत (आरोप पत्र) दाखिल नहीं कर दी जाती। ईडी के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि वो याचिकाकर्ता सत्येंद्र जैन की इस बात से कुछ हद तक सहमत हैं कि जब तक ईडी पूरक अभियोजन शिकायत दाखिल नहीं कर देती, तब तक आरोपों पर सुनवाई स्थगित कर दी जाए। ईडी ने कहा कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने भी तीन जनवरी को निचली अदालत के समक्ष अनुसूचित अपराध में एक पूरक आरोपपत्र दाखिल किया है और आय से अधिक संपत्ति की मात्रा 1.47 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 3.95 करोड़ रुपये कर दी है। ईडी के अधिवक्ता ने तर्क दिया कि सीबीआई मामले में विकास के मद्देनजर पूरक आरोपपत्र दाखिल करने में सक्षम होने के लिए स्थगन जरूरी था। सत्येंद्र जैन को ईडी ने 30 मई, 2022 को गिरफ्तार किया था और 18 अक्टूबर, 2024 को ट्रायल कोर्ट ने जमानत दे दी थी। जैन पर उनसे जुड़ी चार कंपनियों के जरिए मनी लांड्रिंग का आरोप है।

## पुलिस और बदमाशों के बीच मुठभेड़, बड़ी वारदातों को अंजाम देने वाले दो शातिर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच के साथ हुई मुठभेड़ के बाद दो कुख्यात झपटमारों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से अपराध में इस्तेमाल की गई दो पिस्टल, चार कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। दोनों बदमाश द्वारका और पश्चिमी दिल्ली में चेन झपटमारी की कई घटनाओं में शामिल थे। उन्होंने 14 फरवरी को पश्चिमी दिल्ली इलाके में चेन झपटमारी की चार घटनाओं को अंजाम दिया था। उनकी पहचान मोहन गार्डन निवासी अंकुश पासवान और अंधीर कुमार के रूप में हुई है। क्राइम ब्रांच के उपायुक्त सतीश कुमार के मुताबिक, 16 फरवरी को इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार के नेतृत्व में टीम को दो कुख्यात झपटमारों की आवाजाही के बारे में एक गुप्त सूचना मिली थी। यह भी पता चला था कि आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए हाल ही में अवैध हथियार खरीदे थे। सूचना पर टीम ककरोला रोड के गंदा नाला के पास पहुंची और जाल बिछाया। लगभग 6 बजे, एक मोटरसाइकिल को रोका गया जो कि ककरोला नाला रोड से द्वारका की तरफ आ रही थी। रुकने का इशारा करने पर मोटरसाइकिल सवार ने भागने की कोशिश की और दोनों बदमाशों ने अपनी पिस्टल निकाली और पुलिस टीम पर फायरिंग करने की कोशिश की। मोटरसाइकिल सवार की पिस्टल में कुछ कमी के कारण गोली नहीं चला लेकिन पीछे बैठे बदमाश ने पुलिसकर्मियों पर फायर कर दिया जिसमें वह बाल-बाल बचे। वहीं, जवाब में पुलिस टीम ने दो राउंड फायरिंग की और उन्हें दबोच लिया। पुलिस टीम की एक गोली अंकुश के पैर में लगी, जिसे तुरंत चिकित्सा के लिए द्वारका के इंदिरा गांधी अस्पताल ले जाया गया। जांच में पता चला कि दोनों बदमाश विभिन्न पुलिस स्टेशनों में कई झपटमारी के मामलों में वांछित थे। पुलिस उन्हें गिरफ्तार कर मामले में आगे की जांच कर रही है। 100 मोबाइल फोन और 50 चेन झपट चुका है आरोपी पूछताछ में पता चला कि अंकुश ने 2023 में अपना आपराधिक करियर शुरू किया और अब तक लगभग 100 मोबाइल फोन और 50 चेन की चोरी में शामिल रहा है। वह 12 आपराधिक मामलों में भी शामिल रहा है और अतिरिक्त घटनाओं में उसकी संलिप्तता की पुष्टि करने के लिए आगे की जांच जारी है।

## क्या दिल्ली में फिर दोहराया जाएगा भाजपा का पुराना इतिहास? AAP नेता गोपाल राय ने कर दी बड़ी भविष्यवाणी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में बहुमत हासिल करने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के भीतर मंत्रिमंडल गठन को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। इसे लेकर राजनीतिक बयानबाजी जारी है। इस बीच आप नेता गोपाल राय ने दिल्ली में भाजपा सरकार के पुराने इतिहास को याद दिलाया। राष्ट्रीय राजधानी के लिए मुख्यमंत्री चुनने में देरी को लेकर भाजपा पर कटाक्ष करते हुए आप के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व मंत्री गोपाल राय ने सोमवार को भविष्यवाणी की कि दिल्ली में अगले पांच सालों में पहले की तरह फिर से तीन अलग-अलग मुख्यमंत्री देखने को मिल सकते हैं। एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए राय ने कहा कि भाजपा अपनी निर्णायक जीत के बावजूद नेता चुनने के लिए संघर्ष कर रही है, जो पार्टी के भीतर गहरे आंतरिक मतभेदों को दर्शाता है। उन्होंने कहा, "10 दिन बाद भी वे मुख्यमंत्री नहीं चुन पाए हैं, जो दर्शाता है कि उनके पास कोई चेहरा नहीं है। वास्तविकता यह है कि इतिहास खुद को दोहरा सकता है और हम अगले पांच सालों में तीन मुख्यमंत्री देख सकते हैं, जैसा कि दिल्ली में पिछली भाजपा सरकार के दौरान हुआ था।" राय ने दोहराया कि आप एक मजबूत विपक्ष के रूप में काम करेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि भाजपा दिल्ली के लोगों से किए गए अपने वादों को पूरा करे। उन्होंने कहा, "भाजपा ने चुनाव आयोग के साथ मिलीभगत करके प्रचार के दौरान अपनी सारी चालें चलीं। अपनी सारी ताकत के बावजूद दिल्ली की जनता हमारे साथ खड़ी रही और हम इसके लिए आभारी हैं। सीटों के मामले में अंतर है, लेकिन हमने तय किया है कि आप लोगों के साथ खड़ी रहेगी और भाजपा के खिलाफ आवाज उठाएगी।" आप नेता ने भाजपा पर अंदरूनी सत्ता संघर्ष का भी आरोप लगाया और कहा कि जो भी मुख्यमंत्री बनेगा, उसे पार्टी के भीतर अन्य गुटों से प्रतिरोध का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा, "मुख्यमंत्री पद को लेकर अनिर्णय से पता चलता है कि भाजपा के भीतर कितने सत्ता समूह काम कर रहे हैं। कोई भी व्यक्ति चुना जाए, दूसरे समूह उनके नेतृत्व को बाधित करने की कोशिश करेंगे और इतिहास खुद को दोहराएगा।" भाजपा द्वारा अभी तक अपने मुख्यमंत्री उम्मीदवार को अंतिम रूप नहीं दिए जाने के कारण राय ने घोषणा की कि आप जमीनी स्तर पर अपने समर्थन को मजबूत करने पर काम करना शुरू कर देगी।

# '10 दिन हो गए, अब तक दिल्ली को क्यों नहीं मिला नया सीएम आप ने बीजेपी पर उठाए सवाल

ई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा ुनाव में बुरी तरह पराजित हो जाने ो जनता का फैसला मान कर आम आदमी पार्टी फिर जनता के करीब जाएगी। आप के दिल्ली प्रदेश ंयोजक और पूर्व मंत्री गोपाल राय े सोमवार को पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश संगठन मंत्री और जलाध्यक्षों के साथ अहम बैठक र आगे की रणनीति तैयार की। उन्होंने कहा कि सदन के अंदर आप े विधायक और सड़क पर पार्टी ा संगठन दिल्ली की जनता के हेतों के लिए लड़ेगा। उन्होंने कहा े हम भाजपा की हर जन विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज उठाएंगे और दिल्लीवालों से किए सारे वादे पूरे करने के लिए उस पर दबाव बनाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने चुनाव आयोग, धन, बल और छल का खुलकर इस्तेमाल किया है। इसके बाद भी दिल्ली के 43.6 प्रतिशत मतदाता आज भी अरविंद केजरीवाल के साथ खड़े हैं। वहीं भाजपा को 45.6 प्रतिशत लोगों ने वोट दिया। यानी भाजपा को आप से केवल दो प्रतिशत वोट ज्यादा मिले। 10 दिन बाद भी दिल्ली को नहीं मिला सीएमः आप आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि दिल्ली चुनाव के नतीजे आए दस दिन हो चुके हैं लेकिन अभी तक भाजपा दिल्लीवालों को मुख्यमंत्री नहीं दे पाई है। मुख्यमंत्री को लेकर खींचतान का आरोप लगाते हुए आप की वरिष्ठ नेता और कार्यवाहक मुख्यमंत्री आतिशी ने भाजपा पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा में अंदरूनी कलह के कारण दस दिन बाद भी दिल्ली को मुख्यमंत्री नहीं मिल पाया है। वहीं आप के नेता अवध ओझा ने अलग प्रेसवार्ता कर कहा कि इससे यह साफ हो गया है कि भाजपा के पास कोई सीएम चेहरा नहीं है।



# मदनी मस्जिद पर बुलडोजर कार्रवाई से नाराज सुप्रीम कोर्ट! अधिकारियों को जारी किया अवमानना का नोटिस

**कुशीनगर:** जिला प्रशासन ने कुशीनगर में हाटा नगर पालिका के समीप सबने मदनी मस्जिद पर बुलडोजर की कार्रवाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी कार्रवाई की है। दरअसल, कोर्ट ने मदनी मस्जिद मामले में हुई कार्रवाई पर यूपी के अधिकारियों को नोटिस भेज दिया है। रउ ने अपने आदेश में कहा कि बिना किसी पूर्व सूचना और सुनवाई के देश भर में डिमोलिशन की कार्रवाई पर रोक लगाने वाले आदेश का यूपी के अधिकारियों ने उल्लंघन कि है। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट अधिकारियों को अवमानना नोटिस भेज दिया है। आप को बता दें कि SC ने 13 नवम्बर 2024 को आपने आदेश में कहा कि था कि मनमानी तरीके से किसी का घर नहीं गिरा सकते है। आरोपी होने के कारण भी किसी का घर नहीं गिरा सकते. सुप्रीम कोर्ट का ये आदेश किसी एक



राज्य के लिए नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए है। कोर्ट ने नमानी तरीके से बुलडोजर चलाने वाली सरकारें कानून को हाथ में लेने की दोषी हैं। घर बनाना संवैधानिक अधिकार है। राइट टू शेल्टर मौलिक अधिकार है। अदालत ने आगे कहा कि मकान सिर्फ एक संपत्ति नहीं है, बल्कि पूरे परिवार के लिए आश्रय है और इसे ध्वस्त करने से पहले राज्य को यह विचार करना चाहिए कि क्या पूरे परिवार को आश्रय से वंचित करने के लिए यह अतिवादी कदम आवश्यक है। दरअसल, इस मदनी मस्जिद को लेकर 18 दिसम्बर को जांच शुरू हुई थी। इसको लेकर प्रशासन ने तीन बार नोटिस जारी कर मुस्लिम पक्षकारों से जवाब मांगा था लेकिन मुस्लिम से मिले जवाब में प्रशासन संतुष्ट नहीं दिखा और अब मस्जिद के अवैध हिस्से को गिराने

> जिला प्रशासन ने कुशीनगर में हाटा नगर पालिका के समीप सबने मदनी मस्जिद पर बुलडोजर की कार्रवाई को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ी कार्रवाई की है। दरअसल, कोर्ट ने मदनी मस्जिद मामले में हुई कार्रवाई पर यूपी के अधिकारियों को नोटिस भेज दिया है। SC ने अपने...

का काम शुरू कर दिया है।

**मुस्लिम पक्षकारों ने हाईकोर्ट में दी थी चुनौती**

हालांकि हाटा कोतवाली क्षेत्र के हाटा नगरपालिका के कार्यालय से सटे मदनी मस्जिद के कुछ हिस्से का निर्माण सरकारी जमीन में कराया गया था और इसमें प्रयुक्त नक्शा भी मानक विहीन होने के चलते प्रशासन ने 18 दिसंबर से कार्रवाई शुरू की थी। इसी बीच मुस्लिम पक्षकारों ने 8 फरवरी तक हाई कोर्ट से स्टे लेकर रखा था। शासन ने 3 बार नोटिस भी दिया लेकिन मुस्लिम पक्षकारों के जवाब से संतुष्ट नहीं होने पर योगी के बुलडोजर ने 54 दिन बाद कार्रवाई शुरू कर दिया है। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चप्पे चप्पे पर भारी पुलिस फोर्स तैनात है। जिससे किसी प्रकार की कानून व्यवस्था न बिगड़े और अवैध निमार्ण को कब्जा मुक्त कर दिया जाए।

## मायावती का बड़ा कदम: बसपा में बदलाव की अटकलें, क्या आकाश आनंद को मिलेगा अब नेतृत्व का मौका?



**लखनऊ :** बसपा प्रमुख मायावती ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया पर एक के बाद एक पांच पोस्ट कर अपने राजनीतिक उत्तराधिकारी को लेकर बड़ा बयान दिया। पिछले साल, मायावती ने आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था, लेकिन अब उन्होंने संकेत दिए हैं कि उनका वास्तविक उत्तराधिकारी वही होगा जो कांशीराम द्वारा स्थापित पार्टी और मूवमेंट को आगे बढ़ाने के लिए पूरी निष्ठा और संघर्ष के साथ काम करेगा। मिली जानकारी के मुताबिक, मायावती ने लिखा कि कांशीराम ने पार्टी को स्थापित करने के लिए अपनी पूरी जिंदगी समर्पित कर दी थी, और उनकी शिष्या होने के नाते, वह भी अपनी आखिरी सांस तक यही संघर्ष जारी रखेंगी। उन्होंने कहा कि केवल वही व्यक्ति उनके वास्तविक उत्तराधिकारी बनेगा, जो पार्टी और मूवमेंट को आगे बढ़ाने में पूरी निष्ठा से काम करेगा, जैसा कि कांशीराम ने किया था। दिल्ली विधानसभा चुनाव में बसपा की हार के बाद, मायावती ने 5 दिन पहले अपने समधी डॉ. अशोक सिद्धार्थ और पार्टी के एक और नेता नितिन सिंह को पार्टी से निष्कासित कर दिया था। यह कार्रवाई पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण की गई थी। अब आकाश आनंद पर भी सख्ती की संभावना जताई जा रही है, क्योंकि दिल्ली चुनाव की जिम्मेदारी भी उन्हीं के हाथों में थी और पार्टी का प्रदर्शन बेहद खराब रहा था। आकाश को पिछले साल 10 दिसंबर को मायावती ने अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। हालांकि, लोकसभा चुनाव के दौरान एक विवादित बयान देने पर उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था, जिसके बाद मायावती ने उन्हें कई पदों से हटा दिया था। बाद में 23 जून को, उन्होंने आकाश को फिर से राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर और अपना एकमात्र उत्तराधिकारी घोषित किया था। अब यह सवाल उठ रहा है कि क्या आकाश आनंद अब भी मायावती के राजनीतिक उत्तराधिकारी रहेंगे, या फिर उनके विकल्प के रूप में अन्य नेताओं का नाम लिया जाएगा, जिसमें उनके दूसरे भतीजे ईशान का भी नाम चर्चा में है। मायावती ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट्स में कहा कि पार्टी और मूवमेंट को आगे बढ़ाने के लिए कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को पूरी निष्ठा से काम करना चाहिए और अनुशासन का पालन करना चाहिए। उन्होंने पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और सर्वसमाज में जनाधार बढ़ाने का भी आह्वान किया। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि मायावती की यह सख्ती आकाश आनंद के भविष्य पर क्या असर डालती है और पार्टी में आगे क्या बदलाव होते हैं।

## शादी की खुशियां मातम में बदली! हर्ष फायरिंग में गोली लगने से ढाई साल के बच्चे की मौत



**नोएडा:** गौतमबुद्ध नगर में सेक्टर 49 थाना क्षेत्र के अगाहपुर गांव में रविवार रात को एक बारात में की गई हर्ष फायरिंग' में ढाई साल के बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) ट्विंकल जैन ने बताया कि अगाहपुर गांव के निवासी बलवीर के घर गुरुग्राम से बारात आई थी। बारात में आए कुछ लोगों ने हर्ष फायरिंग' शुरू कर दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस दौरान छत पर खड़े होकर बारात देख रहे ढाई साल के बच्चे अंश को गोली लग गई। अंश के पिता विकास शर्मा मूल रूप से संभल जिले से हैं। एसीपी ने बताया कि घायल बच्चे को उसके परिजनों ने उपचार के लिए एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां रात 11 बजे के करीब उसकी मौत हो गई। परिजन ने पुलिस को रात 11 बजे घटना की सूचना दी। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एसीपी ने बताया कि इस मामले में मृतक के परिजन की शिकायत पर हैप्पी तथा दीपांशु नामक दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की चार टीम बनाई गई हैं और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी नशे में धुत थे और अवैध हथियार से ताबड़तोड़ गोलियां चला रहे थे। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है।

## युवा उद्यमियों से सीएम योगी ने किया संवाद, कहा- विरोध करने वाले अयोध्या का भी विरोध कर रहे थे...

**लखनऊ:** महाकुंभ के बाद अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ को लेकर सीएम योगी ने युवा उद्यमियों से संवाद के दौरान कहा कि कुछ लोगों का विरोध करना काम ही है क्योंकि उनका उ्देशय सिर्फ विरोध करना है। उन्हें विकास से कोई लेना देना नहीं है। सीएम ने कहा कि महाकुंभ में भीड़ का अपना अलग आनंद ,थोड़ा पैदल चलना पड़ सकता है मगर चलना चाहिए यही जीवन है। महाकुंभ ,अयोध्या में भीड़ तो है लेकिन उसका अलग आनंद है। योगी ने कहा कि यह क्षण हमारे लिए और भी महत्वपूर्ण है जब महाकुंभ का



आयोजन हो रहा है, जो आज तक का विश्व का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन बन गया है। अब तक 53 करोड़ श्रद्धालु त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगा चुके हैं और यह सिलसिला अगले नौ दिनों तक जारी रहेगा। इसके अलावा युवा उद्यमियों से संवाद करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, 'पीएम मोदी के नेतृत्व में पहली बार देश की आस्था को सम्मान मिला। 500 साल का इंतजार खत्म हुआ और अब हम भगवान राम की पूजा करने के लिए अयोध्या जा सकते हैं। 2016-17 में जब राज्य में बीजेपी की सरकार नहीं थी, तब अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या सिर्फ 2 लाख 35 हजार थी और 2024 में ये संख्या 14 से 15 करोड़ से भी ज्यादा श्रद्धालुओं की है। महाकुम्भ में श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व संख्या का उल्लेख करते हुए कहा कि 33 दिनों में लगभग 52 करोड़ श्रद्धालु पावन त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगा चुके हैं। उन्होंने कहा कि दुनिया में कहीं और इतने विशाल जनसमूह का समागम संभव नहीं है।

## महाभारत शो फेम सौरव गुर्जर ने दी रणवीर इलाहबादिया को धमकी, कहा- ''उन्हें मुझसे कोई नहीं बचा सकता'



**लखनऊ :** 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो में पेरेंट्स और उनकी सेक्स लाइफ को लेकर जोक करने के चलते यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया बड़ी मुश्किलों में फंसे हुए हैं। अब इस मामले में महाभारत शो फेम सौरव गुर्जर ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने रणवीर पर अपना गुस्सा निकाला है। उन्होंने कहा, ''रणवीर का पैरेंट्स पर किया जोक किसी भी तरह से एक्सेप्ट नहीं किया जा सकता, उन्हें माफ नहीं किया जाना चाहिए।'' सौरव गुर्जर ने एक्स पर एक क्लिप शेयर की, जिसमें उन्होंने कहा कि ''रणवीर को माफ नहीं किया जाना चाहिए। शो में उन्होंने जो कुछ भी किया, उसके लिए उन्हें माफ नहीं किया जा सकता। अगर हम उनके व्यवहार के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं करते हैं, तो उनके जैसे और लोग ऐसी ही बातें कहेंगे। उनके जैसे लोगों ने सारी हदें पार कर दी हैं। हमें उनके जैसे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए जो ऐसी बातें करके हमारे समाज और धर्म को खराब कर रहे हैं। ताकि आने वाली पीढ़ी को बचाया जा सके। आजादी का मतलब ये नहीं है कि कुछ भी कह सकते है।'' सौरव गुर्जर ने अपने वीडियो क्लिप में आगे कहा कि ''मैं अभद्र भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहता। लेकिन अगर मैं मुंबई में कहीं भी उनसे मिलता हूं तो कोई भी, यहां तक कि उनकी सुरक्षा भी, उन्हें शो में कही गई बातों के लिए मुझसे नहीं बचा सकता। रणवीर इलाहबादिया के खिलाफ सबको मिलकर आवाज उठानी ही होगी।''

## 'महाकुंभ में हुई मौत...सरकार है जिम्मेदार, सांसद धर्मेंद्र यादव ने भाजपा पर किया जमकर हमला

**आजमगढ़ :** जनपद आजमगढ़ के सांसद धर्मेंद्र यादव कई माह बाद जिले में पहुंचे, जहां सांसद ने भाजपा को हर मोर्चे पर फेल होना बताया। जहां मौजूदा सरकार के कमियों की लिस्ट बहुत लंबी रही। भाजपा पर हमले में धर्मेंद्र ने बताया कि कुंभ में कोई व्यवस्था नहीं अभी तक मृतकों और लापता लोगों का सही आंकड़ा सरकार नहीं दे पाई। सांसद धर्मेंद्र यादव सपा के पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि बजट से जनता संतुष्ट नहीं है। जहां किसानों को कोई लाभ नहीं उनकी कर्ज माफी नहीं, गन्ने के मूल्य का निर्धारण नहीं, बेरोजगारों के लिए कोई नया रोजगार नहीं। उत्तर प्रदेश का जन मानस त्राहि-त्राहि कर रहा है। कुम्भ का



प्रचार सरकार द्वारा किया गया, डिजिटल कुम्भ बताया गया, अक कैमरे से लोगों के पहचान की बात कही गई, लेकिन मौनी अमावस्या के समय जैसी घटना कभी नहीं घटी। स्नान का आंकड़ा तो आ रहा है लेकिन मौत का आंकड़ा नहीं आ रहा है। कितने लोग गायब है पता नहीं। सांसद धर्मेंद्र ने आजमगढ़ को लेकर कहा कि किसानों को गन्ने की पर्चियां नहीं मिल रही, नहरों में पानी नहीं। गन्ने की पर्ची देने पर किसानों से बोला जा रहा है कि 3 दिन में गन्ना पहुचाओ जो व्यवहारिक रूप से सम्भसव नहीं। बिजली समय से उप्लब्ध नहीं, बिल बढ़कर आ रहा है। थाना, तहसील लूट का अड्डा बन चुके है। बिजली विभाग को लेकर कहा कि इसका निजीकरण नहीं होना चाहिए। सपा सांसद धर्मेंद्र यादव ने मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए कहा कि देश के ऊपर कर्ज बढ़ता जा रहा हैं, देश के ऊपर 1 लाख 95 हजार करोड़ कर्ज हो चुका है। जब भाजपा की सरकार बनी थी तो केवल 55 लाख करोड़ का कर्ज था। डॉलर के मुकाबले रुपया कमजोर होता जा रहा है। जबकि पहले के प्रधानमंत्री को बोलते थे कि रुपये की वैल्यू नही देश की वैल्यू गिर रही है। BJP के लोग बताए देश की साख आज कहा खड़ी है।

## आजमगढ़ में दर्दनाक हादसा: महाकुंभ से वापस आ रहे 3 श्रद्धालुओं की मौत



**आजमगढ़:** उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां पर आज सुबह एक कार डिवाइडर में टकरा गई, इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। जबकि चार लोग घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। जानकारी मिलने पर पुलिस पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। महाकुंभ से वापस आ रहे थे सभी श्रद्धालु जानकारी के मुताबिक, यह हादसा जिले के रानी की सराय थाना क्षेत्र में हुआ। यहां पर महाकुंभ से वापस आ रहे नेपाल देश के श्रद्धालुओं की एक कार सोमवार सुबह डिवाइडर में टकरा गई। इस हादसे में पति-पत्नी सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। सभी हताहत नेपाल देश के रूपम देही जिले के देवदार नगर पालिका के निवासी हैं। इन लोगों की हुई मौत यह सभी 15 फरवरी को नेपाल से प्रयागराज में स्नान करने गए थे और स्नान करके आज वापस हो रहे थे कि आजमगढ़- वाराणसी राजमार्ग पर यह हादसा हो गया। मृतकों की पहचान दीपा (35),इनके पति गनेश (45) और गंगा (40) के तौर पर की गई है। घायलों में ऋतिक दूबे (21) ,कोपिला देवकला देवी (35), अविशंकर (25) और शुभम पोखराल (22) को गोरखपुर मेडिकल कालेज भेजा गया है। प्रथम द्दष्टया दुर्घटना का कारण चालक को झपकी आना माना गया है।

## प्रयागराज में संगम के सबसे नजदीकी रेलवे स्टेशन को किया गया 12 दिनों के लिए बंद

**प्रयागराज:** अगर आप भी महाकुंभ मेला जाने का प्लान बना रहे हैं, तो यह खबर आपके लिए जरूरी है। भारतीय रेलवे ने फैसला लिया है कि प्रयागराज में संगम रेलवे स्टेशन को 17 फरवरी से 28 फरवरी तक बंद रखा जाएगा। यह कदम महाकुंभ मेले के दौरान ट्रेनों में आने वाली भारी भीड़ को देखते हुए उठाया गया है। इस निर्णय के लिए प्रयागराज प्रशासन ने रेलवे से रिक्वेस्ट की थी, जिसे रेलवे प्रशासन ने स्वीकार कर लिया है। प्रयागराज संगम का रेलवे स्टेशन बंद प्रयागराज का संगम रेलवे स्टेशन मेला क्षेत्र के पास स्थित है, और इस




समय महाकुंभ मेला अपने चरम पर है। इस वजह से संगम स्टेशन को 12 दिनों के लिए बंद कर दिया गया है। इस दौरान मेला क्षेत्र में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं, जिससे ट्रेनों की भारी भीड़ हो रही है और यात्री सुविधाओं में सुधार के लिए यह कदम उठाया गया है। उत्तर मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि यात्रियों की सुविधा के लिए रविवार को 238 ट्रेनें चलाई गईं, जिनसे 10.96 लाख से अधिक यात्री यात्रा करने पहुंचे। वहीं, शनिवार को 339 ट्रेनें चलाकर 14.76 लाख से अधिक यात्रियों को यात्रा का अवसर दिया गया। महाकुंभ में माघी पूर्णिमा के स्नान पर्व और अन्य स्नान पर्वों के बाद भी श्रद्धालुओं का जनसैलाब थमने का नाम नहीं ले रहा। रविवार को शाम 8 बजे तक 1.49 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में स्नान किया। 13 जनवरी से अब तक कुल 52.96 करोड़ श्रद्धालु महाकुंभ में आ चुके हैं।

## बीजेपी डबल इंजन नहीं बल्कि डबल ब्लेंडर वाली सरकार है: अखिलेश यादव



**लखनऊ:** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि अभी तक तो सड़कों व भगदड़ से जाने गई पर अब तो दिल्ली वालों की रेलवे की नाकामी की वजह से जानें जा रहीं हैं। यह डबल इंजन की नहीं बल्कि डबल ब्लेंडर वाली सरकार है। सपा प्रमुख प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ के दौरान हो रही दुखद मौतों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि भाजपा वाले कहते थे कि महाकुंभ में संगम स्नान के लिए सौ करोड़ लोगों का इंतजाम है। पर अभी तो 60 करोड़ लोगों ने ही स्नान किया है। अखिलेश यादव ने कहा कि अभी तक सड़कों व भगदड़ में काफी लोगों की जानें चलीं गयीं और खो जाने वाले मिले नहीं। अब तो दिल्ली वालों की रेलवे की नाकामी की वजह से जानें चलीं गयीं। यह डबल इंजन नहीं बल्कि डबल ब्लेंडर वाली सरकार है। सपा प्रमुख ने कहा कि 100 करोड़ लोगों के स्नान करने के इंतजाम करने वाले लोग अपने आपको चमका रहे हैं। राजनीतिक लाभ कैसे मिले इसमें लगे हैं। प्रचार प्रसार इतना किया जैसे इससे पहले कुंभ होता ही नहीं था और ये महाकुंभ बीजेपी वाले करा रहे हैं। सपा प्रमुख ने कहा कि महाकुंभ में जो कमियां व नाकामियां है उसके लिए कोई कुछ कहता है तो उसे विरोध बता रहे हैं। वहां पर दिल्ली व लखनऊ का इतना पैसा लगा दिया, फिर भी जानता को सुविधाएं क्यों नहीं है। कई श्रद्धालुओं की जान चलीं गयी। जब नहाने वालों की गिनती कर लेते हैं तो फिर मरने व खो जाने वालों की गिनती क्यों नहीं कर पा रहे। सपा अध्यक्ष ने कहा कि सड़कों पर आने जाने वाले न जानें कितनों की जानें चलीं गयीं। उनकी नहीं बता रहे। कुंभ आज नहीं हो रहा, बीजेपी से पहले भी हो रहा था। नेता जी के समय में भी हुआ था। पर इसका राजनीतीकरण नहीं हुआ। भाजपा वाले हर आयोजन का राजनीतिकरण करना चाहते हैं। लगता है कि इमेज चमकाने को आयोजन हो रहा है।

## महाकुंभ में नहीं थम रहा श्रद्धालुओं का रेला, आज भारी संख्या में लोगों ने लगाई आस्था की डुबकी

**महाकुंभ:** महाकुंभ में देश और दुनियाभर से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है और संगम में डुबकी लगा रहे है। आज यानी सोमवार, फाल्गुन कृष्ण पंचमी तिथि को संगम पर श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। इस दिन किसी खास तिथि या मुहूर्त के बिना ही भक्तों की भारी भीड़ संगम की ओर बढ़ने लगी। भोर होते ही संगम जाने वाले रास्ते श्रद्धालुओं से पूरी तरह भर गए थे। प्रयागराज जंक्शन, रामबाग और झूंसी समेत हर स्टेशन पर इतनी भीड़ थी कि लोगों को खड़ा होने की भी जगह नहीं मिल रही थी। संगम में स्नान करने के लिए जितने श्रद्धालु आ रहे थे, उससे कहीं ज्यादा लोग मेला खत्म कर अपने गंतव्य की ओर लौट रहे थे। महाकुंभ की ओर जाने वाली सड़कों पर श्रद्धालु अपने सिर पर गठरी और झोला लेकर चल रहे थे। यह दृश्य इस कदर था जैसे पूरा शहर आस्था में डूबा हुआ हो। सड़कें पैदल श्रद्धालुओं से भरी हुई थीं, और संगम से शहर तक जाने वाली राहों पर लोग भक्ति के गीतों के साथ यात्रा कर रहे थे। इस समय संगम पर स्नान के लिए भक्तों का रेला लगातार बढ़ता ही जा रहा था। प्रशासन के मुताबिक, दोपहर तक करीब एक करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में डुबकी लगाई थी, और अब तक करीब 54 करोड़ लोग संगम स्नान कर चुके हैं। सोमवार को संगम पर तिल रखने की भी जगह नहीं थी। संगम जाने वाले रास्तों पर बढ़ी भारी भीड़ के कारण प्रशासन ने फिर से बैरिकेडिंग लगाई। सुबह 10 बजे के बाद भीड़ बढ़ने पर पुलिस ने केंद्रीय अस्पताल जाने वाले रास्ते पर भी बैरिकेडिंग कर दी। रात के समय भी श्रद्धालुओं की संख्या और बढ़ गई, जिससे संगम जाने वाली सड़कों पर भारी दबाव पड़ा। प्रशासन ने पांटून पुलों और शहर के बाहर की सीमा पर वाहनों



को रोकने का भी निर्णय लिया। इस तरह की भीड़ से संगम जाने वाले सभी रास्तों को श्रद्धालुओं से भर दिया था। संगम के घाटों पर स्नान करने के लिए श्रद्धालु दिन-रात लगातार पहुंच रहे हैं।

खबर एक्सप्रेस

## पंजाब का नौजवान विदेश जाने वालों के लिए बना मिसाल, हर तरफ चर्चे



अमृतसर : पंजाब के युवा लगातार विदेशों में रोजगार की तलाश में रहते हैं। विदेश पलायन कर चुके अधिकतर युवा यह तर्क दे रहे हैं कि पंजाब में रोजगार नहीं है, लेकिन मनजीत सिंह मीता (27 वर्षीय) ने विदेश जाने वाले युवाओं की बातों को दरकिनार करते हुए गांव काले मोड़ के नजदीक छेहरटा बाईपास की मुख्य सड़क पर साइकिल टायर रिपेयर की दुकान खोलकर यह साबित कर दिया है कि पंजाब में रोजगार की कोई कमी नहीं है।

दुकान से सपने हुए साकार

मनजीत सिंह मीता ने बताया कि वह 8वीं कक्षा में पढ़ता था और उसने अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़कर 2011 में स्थायी रूप से यह नौकरी शुरू कर दी थी, क्योंकि पैसे की सबसे बड़ी जरूरत परिवार का भरण-पोषण करना है। परिणामस्वरूप, 2011 में उसने साइकिल, स्कूटर और मोटरसाइकिल के टायर मरम्मत की दुकान खोली और आज तक वे उस दुकान का मालिक है और साइकिल और स्कूटर पंचर मरम्मत से लाखों रुपये कमा चुका है।

मनजीत सिंह ने बताया कि उनका पेंचर लगाने का पिछोकड़ में कोई कारोबार नहीं था लेकिन परिवार की गरीबी को देखते हुए उन्होंने इस व्यवसाय को अपनाया और आज वे अपने क्षेत्र में एक सफल व्यवसायी के रूप में लोगों के बीच लोकप्रिय हैं। युवा मनजीत सिंह ने कहा कि उसके बड़े सपने हैं और उसने पंचर बनाने का काम करके इन सपनों को पूरा किया है।

घर की कच्ची छत को हटाकर पक्का मकान बनाया

मनजीत सिंह ने बताया कि सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर उनके हजारों फॉलोअर्स हैं। उन्होंने कहा कि पहले लोग उनके व्यवसाय करने के तरीके का मजाक उड़ाते थे, लेकिन अब बड़ी संख्या में लोग अपने वाहन ठीक कराने के लिए उनके पास आते हैं और उनके व्यवसाय की सराहना करते हैं। मनजीत सिंह ने बताया कि धीरे-धीरे उन्होंने इस व्यवसाय से लाखों रुपए कमाए और घर की कच्ची छत हटाकर पक्का मकान बना लिया और गांव के चौराहे पर एक अच्छी दुकान भी बना ली और दुकान के अंदर केबिन बनाकर रेडीमेड कपड़ों का व्यवसाय शुरू कर दिया। पंजाब में व्यापार की कोई कमी नहीं है, हर कदम पर व्यापार है, कमी है तो सिर्फ हिम्मत की। पंजाब में सबसे सफल व्यवसायी वह है जो इसकी परवाह नहीं करता कि लोग क्या कहते हैं। उन्होंने पंजाब के नौजवानों से अपील की कि वे लाखों रुपए लेकर विदेश जाने की बजाय पंजाब में ही कारोबार करें और पंजाब का पैसा पंजाब में ही रहने दें तथा पंजाब के नौजवान ही पंजाब की तरक्की में बड़ा योगदान दे सकते हैं।

## सैनिकों ने पगड़ी कूड़ेदान में फेंकी.., अमेरिका ने नंगे सिर डिपोर्ट किए सिख युवकों ने सुनाई दर्दभरी दास्तां



अमृतसरः सुनहरे भविष्य का सपना लेकर डंकी रूट से अमरीका पहुंचा अमृतसर फा पूर्व फौजी मनदीप सिंह भी 112 भारतीयों के साथ डिपोर्ट हुआ है। जब यह अमरीकी सैनिक विमान से लौटा तो उस इस बात का दुख था कि न केवल अमरीका में डॉलर कमाने का पड़े। दरअसल, जब भारतीय डिपोर्ट होकर लौटे तो उस दौरान कुछ ऐसी फोटो वायरल हो गई जिससे सिख जगत में काफी विरोध हुआ, क्योंकि विमान से उतरने वाले ज्यादातर सिखों के सिर नंगे थे। मनदीप सिंह भी उनमें से एक है।उसका सपना टूट गया, बल्कि उस मनदीप सिंह की वर्तमान अपनी दाड़ी और केस भी कटवाने की फोटो। मनदीप सिंह ने अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा कि सेना में नौकरी करने के बाद वह काफी समय से विदेश जाने की कोशिश कर रहा था। उसे कनाडा, ब्रिटेन और यूरोप से पहले ही रिफ्यूजल मिल चुकी थी। इसके बाद वह डंकी रुप्ट के जरिए अमरीका गया। जिसके लिए उसने 35 लाख रुपए खर्च किए। मैभिरको पहुंचने से पहले उसे बहुत तकलीफें सहनी पड़ीं। उसने बताया कि मैक्सिको के बाद तेजुआना में एक डॉकर के घर में मजबूरन दाड़ी और केस कटवाने पड़े। उस दौरान में बहुत रोया कि मजबूरी में मुझे क्या-क्या करना पड़ रहा है। अमेरिकी सैनिकों ने पगड़ी कूड़ेदान में फेंक दी, उसने बताया कि यह 17 साल सेना में रहा है, लेकिन इतनी तकलीफें कभी नहीं देखीं, जितनी डंकी रूप्ट से अमरीका पहुंचने पर देखने को मिलीं। उसने कहा कि यह रुप्ट सबसे खतरनाक है और इस रूट पर लोग सिर्फ भगवान का नाम लेते हैं और कहते हैं कि भगवान हमें बचा लो।

7 दिन पीया गंदा पानी और भूखा रहा

7 दिन तक मैंन उस डॉकर के घर का गंदा पानी पिया। मेरे साथ एक हिंदू लड़का था। हम दोनों मांस नहीं खाते थे, लेकिन यह ठोंकर सिर्फ नॉनवेज राना लाता था जिसके चलते हम दोनों एक हफ्ते तक भूखे रहे। जब हम पकड़े गए तो उन्होंने हमें एक हॉल में खड़ा कर दिया। अमरीकी फौजियों ने उसका कड़ा, श्री साहिब व दुमाला उतारकर डस्टबिन में फेंक दिए। उसने बताया कि यह अंग्रेजी नहीं बोल पाता था और उसने अमरीकी फौजियों को समझाने की कोशिश की कि यह हमारे गुरुओं की देन है, लेकिन यह समझ नहीं पाए और अपनी मनमानी करते रहे। उसने बताया कि जब हमें डिपोर्ट किया जाना था, तब हम सैनडिएगो कैंप के हॉल में बैठे थे। तभी हमें बरों में बिठाया गया और बस में हमें बताया गया कि हमें भारत भेजा जा रहा है। यह सुनते ही सभी के चेहरे पीले पड़ गए, हम सोच रहे थे कि यह हमारे साथ क्या हुआ। कई लोग यहीं रोने लगे और बोले कि वह लाखों रुपए खर्च करके और अपनी जान जोखिम में डालकर यहां क्यों पहुंचे।

40 घंटे की यात्रा में हाथों में हथकड़ियां व पैरों में जंजीरें डाल कर लाए अमरीकी फौजी

मनदीप सिंह ने बताया कि हमें 2 बार वापस कैंप में लाया गया और फिर 40 घंटे की लंबी पात्रा के लिए सैन्य विमान में बिठाया गया। अमरीकी फौजियों ने विमान में बैठाते ही सबके पैरों में जंजीर डाल दी और हाथों में हथकड़ियां लगा दीं। हमें बेहद मुश्किल हालातों में अमृतसर लाया गया। विमान उतरने के समय ही हमारी हथकड़ियों और पैरों की जंजीरं खोली गई और हमें खाना दिया गया। उसने कहा कि बाहे उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया परंतु हम इस बात से खुश हैं कि अपने घर स्ही सलामत और जिंदा पहुंच गए।

# भोपाल गैस कांड के कचरे के निपटान को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और एमपी सरकार को भेजा नोटिस, हफ्ते भर में मांगा जवाब

**भोपाल :** 1984 की भोपाल गैस त्रासदी के खतरनाक कचरे का निपटान सोमवार को सुप्रीम कोर्ट की जांच के दायरे में आ गई है। कोर्ट ने केंद्र, मध्य प्रदेश और इसके प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से जवाब मांगा। अब बंद हो चुकी यूनियन कार्बाइड फैक्ट्री के लगभग 377 टन खतरनाक कचरे को भोपाल से 250 किलोमीटर और इंदौर से लगभग 30 किलोमीटर दूर धार जिले के पीथमपुर औद्योगिक क्षेत्र में स्थानांतरित कर दिया गया। शीर्ष अदालत ने स्वास्थ्य के अधिकार और इंदौर शहर सहित आसपास के क्षेत्रों के निवासियों के लिए जोखिम के मौलिक मुद्दे को उठाने वाली याचिका पर ध्यान दिया। 2-3 दिसंबर, 1984 की मध्यरात्रि में यूनियन कार्बाइड कारखाने से अत्यधिक जहरीली गैस मिथाइल आइसोसाइनेट (एमआईसी) लीक हुई, जिससे अंततः 5,479 लोग मारे गए और पांच लाख से अधिक लोग अपंग हो गए। इसे दुनिया की सबसे खराब औद्योगिक आपदाओं में से एक माना जाता है। न्यायमूर्ति बी आर गवई और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के 3 दिसंबर, 2024 और इस साल 6 जनवरी के आदेशों को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने पर सहमति जताई। उच्च न्यायालय ने पिछले साल दिसंबर में अपने आदेश में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के बावजूद भोपाल में यूनियन कार्बाइड साइट को खाली न करने के लिए अधिकारियों को फटकार लगाई थी और कचरे को स्थानांतरित करने के लिए चार सप्ताह की समय सीमा तय की थी, जिसमें कहा गया था कि गैस त्रासदी के 40 साल बाद भी अधिकारी "निष्क्रियता की स्थिति" में हैं। इसने सरकार को चेतावनी दी थी कि अगर उसके निर्देश का पालन नहीं किया गया तो उसके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही की जाएगी। एक अधिकारी ने कहा था कि 1 जनवरी की रात को 12 सीलबंद



कंटेनर ट्रकों में जहरीले कचरे को निपटान के लिए ले जाना शुरू हुआ। भोपाल गैस त्रासदी राहत और पुनर्वास विभाग के निदेशक स्वतंत्र कुमार सिंह ने कहा था कि शुरूआत में कुछ कचरे को पीथमपुर में अपशिष्ट निपटान इकाई में जलाया जाएगा और अवशेष (राख) की जांच की जाएगी ताकि पता लगाया जा सके कि कोई हानिकारक तत्व बचा है या नहीं। उन्होंने कहा कि भस्मक से निकलने वाला धुआं विशेष चार-परत फिल्टर से होकर गुजरेगा, ताकि आसपास की हवा प्रदूषित न हो। अधिवक्ता सर्वम रीतम खरे के माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय में दायर याचिका में कहा गया है कि याचिकाकर्ता पीथमपुर में 337 टन खतरनाक रासायनिक कचरे के निपटान के अधिकारियों के फैसले से चिंतित है। याचिकाकर्ता चिन्मय मिश्रा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत पेश हुए। शीर्ष अदालत ने केंद्र, मध्य प्रदेश सरकार और राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को नोटिस जारी कर याचिका पर जवाब मांगा और मामले की सुनवाई एक सप्ताह बाद तय की। याचिका में कहा गया है कि निपटान स्थल से एक किलोमीटर के दायरे में कम से कम चार-पांच गांव स्थित हैं। याचिका में आरोप लगाया गया है, "इन गांवों के निवासियों का जीवन और स्वास्थ्य अत्यधिक जोखिम में है।" इसमें कहा गया है, "यह उल्लेख करना उचित है कि गंभीर नदी सुविधा के बगल से बहती है और 'यशवंत सागर बांध' को पानी उपलब्ध कराती है।" इसमें कहा गया है कि यह बांध इंदौर की 40 प्रतिशत आबादी को पीने का पानी उपलब्ध कराता है। याचिका में दावा किया गया है, "इस स्थिति में और प्रतिवादियों की सरासर लापरवाही, तैयारी न होने और अस्पष्टता के कारण हजारों लोगों का जीवन और अंग खतरे में है।" याचिका में कहा गया है कि इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय के विचार के लिए कई कानूनी प्रश्न उठते हैं।

याचिका में उठाए गए कानूनी प्रश्नों में से एक में कहा गया है, "क्या पर्याप्त सुरक्षा उपायों के बिना घनी आबादी वाले क्षेत्रों में खतरनाक रासायनिक कचरे के निपटान की अनुमति देकर संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के मौलिक अधिकार का उल्लंघन किया जाता है, जिसमें स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण का अधिकार शामिल है?" याचिका में आरोप लगाया गया है कि अधिकारियों ने इंदौर और धार जिलों के प्रभावित निवासियों को जोखिमों के बारे में सूचित नहीं किया है या स्वास्थ्य संबंधी सलाह जारी नहीं की है, जिससे उनकी सुनवाई के अधिकार और स्वास्थ्य के अधिकार का उल्लंघन होता है।

## कैबिनेट मंत्री के घर पहुंचे डेरा ब्यास प्रमुख का स्वागत किया



पंजाब : डेरा ब्यास प्रमुख बाबा गुरिंदर सिंह ढिल्लों अपने उत्तराधिकारी के साथ आज चंडीगढ़ पहुंचे। इस दौरान वह पंजाब आम आदमी प्रधान व कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा के घर पहुंचे। डेरा ब्यास प्रमुख का घर पहुंचने पर मंत्री अमन अरोड़ा और उनकी पत्नी ने पुष्पवर्षा करके स्वागत किया। जानकारी के मुताबिक, इस दौरान मंत्री अमन अरोड़ा के रिश्तेदारों सहित कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडिया भी मौजूद रहे। इस मौके का काफी खूबसूरत तस्वीरें सामने आई हैं, जिन्हें खुद 'आप' पंजाब प्रधान अमन अरोड़ा ने ट्वीटर पर पोस्ट किया है। मंत्री अमन अरोड़ा ने पोस्ट शेयर कर लिखा कि, धन भाग साड्डे... नारायण कीड़ी घर आए...। उन्होंने आगे लिखा कि डेरा ब्यास प्रमुख सतगुरु बाबा गुरिंदर सिंह जी महाराज हमारे घर पर आए और हमें आशीर्वाद दिया।

## जल्द खत्म हो जाएगी धरती! महान वैज्ञानिक न्यूटन की भविष्यवाणी आई सामने

जम्मू : गुरुत्वाकर्षण के नियम बताने वाले महान वैज्ञानिक सर आइजैक न्यूटन ने 300 साल पहले यह अनुमान लगाया था कि धरती का अंत कब होगा। जानकारी के अनुसार न्यूटन का 1704 ई. में लिखा एक पत्र मिला है जिसमें उन्होंने लिखा था कि धरती का अंत कब होगा। आपको बता दें कि इस पत्र में अंत की जगह उन्होंने रिसैट शब्द का उपयोग किया है। इसका अंदाजा लगाया जा सकता है कि या तो धरती का अंत होगा या फिर एक नई धरती की शुरूआत होगी। दरअसल, न्यूटन एक धार्मिक व्यक्ति थे और उन्होंने बाइबल की किताब बुक ऑफ डेनियल से तारीखों की गणना करके धरती के अंत की तारीख निकाली थी। हैलिफैक्स स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ किंग्स कॉलेज के हिस्ट्री ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी विभाग के प्रोफैसर स्टीफन स्नोबेलन के अनुसार सर आइजैक ने धरती के अंत की भविष्यवाणी कर लोगों को सावधान किया है। वह यह नहीं मानते थे कि इस दिन दुनिया खत्म हो जाएगी। बल्कि उन्होंने संकेत दिया कि 2060 ई. में दुनिया की एक नई शुरूआत हो सकती है।बीमारी या युद्ध से खत्म होगी दुनिया पत्र में उन्होंने लिखा कि यह दुनिया प्लेग की बीमारी या युद्ध से खत्म होगी। अगर 3 राजाओं के समय 800 ई. से 1260 के समय को जोड़ा जाए तो दुनिया 2060 में खत्म होगी। हालांकि संभव है कि दुनिया बाद में खत्म हो, उन्हें इसके जल्द खत्म होने का कोई कारण भी नहीं दिखता।2060 में दुनिया के अंत का अनुमान प्रसिद्ध गणितज्ञ और वैज्ञानिक न्यूटन ने वर्ष 2060 में दुनिया के अंत का अनुमान लगाया था। द बुक ऑफ डेनियल एंड रिवेलेशन्स से उन्होंने दिनों के नंबरों 1260, 1290 और 2300 की गणना की जिनमें सर्वनाश के कुछ महत्वपूर्ण संकेत हैं। इतिहास के अध्ययन से उन्होंने बताया कि 800 ई. में चर्च के महत्व को चुनौती मिलनी शुरू हुई। 1260 में विश्व नए सिरे से बदलना शुरू हुआ।क्या सच होगी भविष्यवाणी?

# फिर विवादों में घिरे मशहूर कामेडियन कपील शर्मा, फंस गए मुसीबत में

पंजाब : टीवी के सबसे पॉप्युलर कॉमिडी शो 'द कपिल शर्मा शो' के मेकर्स कपिल शर्मा विवादों में घिरते नजर आ रहे हैं। बताया जा रहा है कि कपिल शर्मा अपने शो के दौरान टोडरमल पर दी गई स्टेटमैंट को लेकर विवादों में घिर गए हैं और आने वाले समय में कभी भी कोई बड़ा एक्शन हो सकता है। कपिल शर्मा का लोगों द्वारा जमकर विरोध किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि कपिल शर्मा द्वारा अपने शो में टोडरमल की खिल्ली उड़ाना बेहद निंदनीय है।



बता दें कि कपिल शर्मा ने अपने कामेडी शो में आदरणीय टोडर मल जी के नाम की खिल्ली उड़ायी थी, जिस पर उन्हें विरोध का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि कपिल शर्मा जोकि मशहूर स्टैंडअप कामेडियन हैं और अपने शो 'द कपिल शर्मा शो' के लेकर काफी चचाओं में रहे हैं। लोगों का कहना है कि कपिल शर्मा जोकि एक अच्छी पोजीशन पर हैं अगर ऐसे लोग टोडरमल जैसे लोगों को सम्मान नहीं दे सकते तो यह बहुत ही निंदनीय है।

# पंजाबियों को मिलने लगी सरकारी नौकरियां, सरकार ने उठाया बड़ा कदम



**पंजाब भवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मुंडिया ने नियुक्ति पत्र सौंपते हुए कहा कि राज्य सरकार ने अब तक 50,000 से अधिक सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं।**

पंजाब : मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान द्वारा युवाओं को सरकारी रोजगार मुहैया करवाने के लिए शुरू की गई मुहिम के तहत जल आपूर्ति एवं स्वच्छता मंत्री हरदीप सिंह मुंडिया ने आज विभाग में 44 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपे। पंजाब भवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान मुंडिया ने नियुक्ति पत्र सौंपते हुए कहा कि राज्य सरकार ने अब तक 50,000 से अधिक सरकारी नौकरियां प्रदान की हैं। उन्होंने नवनियुक्त उम्मीदवारों का स्वागत करते हुए कहा कि आज भर्ती हुए युवाओं और उनके परिवारों के जीवन में एक नया अध्याय शुरू हुआ है।

जल आपूर्ति एवं स्वच्छता मंत्री ने कहा कि सरकार पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ नई भर्तियां कर रही है, इसलिए उन्हें उम्मीद है कि नवनियुक्त उम्मीदवार पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपनी ड्यूटी निभाएंगे। आज कुछ उम्मीदवारों को अनुकंपा के आधार पर भी नौकरी दी गई है। मुंडिया ने अनुकंपा के आधार पर भर्ती हुए उम्मीदवारों के परिवारों के साथ अपनी सहानुभूति व्यक्त की और कहा कि वे उनके परिवारों को हुए नुकसान की भरपाई नहीं कर सकते, लेकिन सरकार ने उन्हें सरकारी नौकरी प्रदान करके परिवारों की मदद करने का विनम्र प्रयास किया है। इससे पहले जल आपूर्ति एवं स्वच्छता विभाग के प्रमुख सचिव नील कंठ अवध ने बताया कि आज भर्ती किए गए उम्मीदवारों में 8 जूनियर नक्शा नवीस, 4 क्लर्क, 19 हेल्पर टेक्निकल, 12 सेवादार और एक चौकीदार शामिल हैं। इस अवसर पर विभाग के निदेशक अमित तलवार भी उपस्थित थे।

# एक मंच पर जुटेंगे उद्योग जगत के दिग्गज, नीति निमार्ता, निवेशक और विशेषज्ञ, MP में आर्थिक विकास की संभावनाओं पर करेंगे चर्चा

भोपाल : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 में उद्योग जगत के दिग्गज, नीति निमार्ता, निवेशक और विशेषज्ञ मध्यप्रदेश में औद्योगिक निवेश और आर्थिक विकास की संभावनाओं पर मंथन करने के लिए एक मंच पर जुटेंगे। राज्य सरकार द्वारा निवेशकों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में नए अवसर उपलब्ध कराये जा रहे हैं। मध्यप्रदेश में टेक्सटाइल, मैन्युफैक्चरिंग, नवकरणीय ऊर्जा, हेल्थकेयर, खाद्य प्रसंस्करण, स्टार्टअप्स, वित्तीय सेवाओं और पर्यटन आदि क्षेत्रों में व्यापक संभावनाएं हैं। समिट में मध्यप्रदेश में औद्योगिक विकास को गति देने और संभावनाओं और अवसरों का लाभ उठाने के लिये विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों के दिग्गज उद्योगपति अपने अनुभव, विचार और रणनीतियां साझा करेंगे। समिट में वस्त्र मंत्रालय की सचिव नीलम शमी राव, फार्मा विभाग के सचिव अमित अग्रवाल, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय के सचिव डी. वी. गनवीर, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विभाग के अपर मुख्य सचिव मनु श्रीवास्तव, खनिज विभाग के प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव आदि अधिकारी शामिल हो रहे हैं। इनके साथ ही जीएसआई के अपर महानिदेशक धीरज कुमार, राष्ट्रीय शहरी मामलों के संस्थान के निदेशक हितेश वैद्य और अन्य विशेषज्ञ भी मध्यप्रदेश में उद्योगों के विस्तार और निवेश की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे। मध्यप्रदेश टेक्सटाइल और मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में तेजी से उभर रहा है। राज्य की अनुकूल औद्योगिक नीति के कारण कई बड़ी कंपनियां यहां निवेश को प्राथमिकता दे रही हैं। समिट में टीडब्ल्यूई ओबीटी प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ इंगो सोलर, एईपीसी के महासचिव मिथिलेश्वर ठाकुर, आरएसडब्ल्यूएम लिमिटेड के चेयरमैन रिजू झुनझुनवाला, सेखानी ग्रुप ऑफ कंपनीज के निदेशक रीनिश सेखानी



और प्रतिभा सिंटेक्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्रेयास्कर चौधरी टेक्सटाइल क्षेत्र में निवेश और विस्तार की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे। मध्यप्रदेश फार्मा और हेल्थकेयर क्षेत्र में सहजना एंड मेडिकल टेक्नोलॉजीज के उपाध्यक्ष राजीव चिब्बर, इन्वॉल्यूशन हेल्थकेयर के प्रबंध निदेशक गौरव अग्रवाल, बायोमेरियू इंडिया के प्रमुख बिवाश चक्रवर्ती, सन फार्मास्युटिकल्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड के ग्लोबल हेड ऑपरेशंस राहुल अवस्थी और आईपीसीए लेबोरेट्रीज के प्रबंध निदेशक अजीत कुमार जैन विस्तार की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे। ग्रीन एनर्जी और सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में मध्यप्रदेश निवेशकों के लिए आकर्षक गंतव्य बन रहा है। टाटा पावर के दीपेश नंदा, ओ2 पावर के पराग शर्मा, अवाडा एनर्जी के विनीत मित्तल, रिन्यू पावर के सुमंत सिन्हा, जिंदल के अमित मित्तल, वारी एनर्जी के पंकज दोशी, ग्रीनको के अनिल कुमार चेलमुनशेट्टी और एसईसीआई के चेयरमैन रामेश्वर गुप्ता जैसे प्रमुख निवेशक राज्य में नवकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में नए अवसरों पर चर्चा करेंगे। कृषि और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग क्षेत्र में आईटीसी एग्री बिजनेस डिवीजन के गणेश के. सुंदररमन, पेप्सिको इंडिया के अनुकूल जोश, ग्रीन ग्रेन के प्रतीक शर्मा और आईएफसी वर्ल्ड बैंक के विजयसैकर कलवकोंडा निवेश और विकास की संभावनाओं पर विचार करेंगे। स्टार्टअप्स और इनोवेशन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। इनोगुरु के संस्थापक एवं सीईओ वैदंत जैन, स्टार्टअप मिडिल ईस्ट के संस्थापक एवं सीईओ सिबी सुधाकरण, दुबई स्थित सैव की संस्थापक पूर्वी मुनोत, एम-कैफीन एवं हाइफेन के सह-संस्थापक तरुण शर्मा और स्किल्स के चांसलर सिद्धार्थ चतुर्वेदी जैसे युवा उद्यमी और निवेशक इस क्षेत्र में नए अवसरों पर मंथन करेंगे। मध्यप्रदेश की निवेश-अनुकूल नीतियों और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस सुधारों के कारण वित्तीय क्षेत्र में भी तेजी से वृद्धि हो रही है। बीम्स फिनटेक के संस्थापक अनुज गोलेचा, एक्वानिमिटी मैनेजमेंट सर्विसेज एलएलपी के प्रबंध भागीदार राजेश सहगल, आईटीआई ग्रोथ फंड के जनरल पार्टनर मोहित गुलाटी, यूनिकॉर्न इंडिया वेंचर्स के प्रबंध भागीदार भास्कर मजूमदार और डन एंड ब्रैडस्ट्रीट इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ अविनाश गुप्ता राज्य में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे। मध्यप्रदेश का पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर निवेशकों को आकर्षित कर रहा है। इस क्षेत्र में ताज होटल्स, रिसॉर्ट्स एंड पैलेसेस के सीईओ पुनीत चटवाल, वंडरला हॉलीडेज लिमिटेड के अध्यक्ष शिवदास एम और एडवेंचर टूरिज्म क्षेत्र के विशेषज्ञ अजीत बजाज शामिल हैं।

# महिला के घर में घुसकर मारपीट कर लज्जाभंग व हवाई फायरिंग करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

महोबा ' थाना श्रीनगर क्षेत्र अन्तर्गत निवासी एक महिला ने लिखित तहरीर के माध्यम से अवगत कराया कि उसी के मोहल्ले के एक व्यक्ति को कार को लापरवाही पूर्ण तरीके से वाहन चलाने पर टोंकने पर उस व्यक्ति ने घर में घुसकर मारपीट की एवं मना करने पर लज्जाभंग करने की कोशिश कर अपमानित किया तथा जान से मारने की धमकी देते हुए हवाई फायरिंग की गयी। इस सूचना पर थाना श्रीनगर में धारा 115 (2)/ 352/ 351 (1)/ 333/ 74/ 125 बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा उक्त घटित घटना का तत्काल संज्ञान लिया गया जिसमें घटना करित करने वाले अभियुक्त की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित किये जाने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी चरखारी के निकट पर्यवेक्षण में थाना श्रीनगर प्रभारी निरीक्षक अवधेश कुमार मिश्रा द्वारा सोमवार को गठित की गयी अपराध निरीक्षक रजनी मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुकदमा उपरोक्त के वांछित अभियुक्त इन्द्रजीत राजपूत पुत्र गुलाब सिंह राजपूत उम्र करीब 32 वर्ष को बिना नम्बर प्लेट की स्विफ्ट कार सहित अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ थाना क्षेत्र के सूरा चौराहे ग्राम तिन्दौली के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त की गिरफ्तारी व उसके कब्जे से हुई बरामदगी के आधार पर बरामद बिना नम्बर प्लेट की स्विफ्ट कार को एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया है तथा बरामद अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस पर अभियुक्त के विरुद्ध धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही के उपरान्त न्यायालय के समक्ष पेशी के बाद जेल भेजा जा रहा है।




## ट्रक की टक्कर से वृद्ध की मौत,महिला घायल

**बिंवार,हमीरपुर।** रविवार तड़के लगभग साढ़े छः बजे एसएच 42 पर बिवांर थाना क्षेत्र के छानी बस स्टैंड पर सामने से आ रहे ट्रक ने ई रिक्शा को टक्कर मार दी जिसमें सवार सात लोगों में से सत्तर वर्षीय वृद्ध रामेश्वर कुशवाहा (70)निवासी निवादा की मौत हो गई और एक महिला गम्भीर रूप से घायल हो गई।मृतक के पुत्र राजबहादुर ने बताया कि रिक्शे में सात लोग सवार थे ,जिनमें पिता की मृत्यु हो गई ,परिवार की एक महिला संगीता पत्नी जयकरन गम्भीर रूप से घायल है,भाभियां जावित्री , राधा ,दो बच्चे वीरू व सत्यम और रिक्शा चालक कृष्णकुमार निवासी बागी थाना कुरारा (रिश्तेदार)सवार थे।बताया कि सभी लोग छानी के इंगोहटा रोड़ पर स्थित एक मैरिज हाउस से शादी में शामिल होकर घर निवादा लौट रहे थे उसी दौरान छानी बसस्टैंड से बजेहटा को जाने वाले मार्ग के पास राठ की तरफ से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी।बताया कि वे खुद पिता और घायल महिला को जिला अस्पताल ले गए जहां वृद्ध को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया जबकि घायल महिला संगीता के नाक से ज्यादा खून बह रहा था जिसे भर्ती किया गया।थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस को जिला अस्पताल से घटना और मृत व्यक्ति जे बारी में सूचना मिली थी ,जिसपर पुलिस को पोस्टमार्टम कराने हमीरपुर भेजा गया।दुर्घटना करने वाले वाहन के बारे में पुलिस कुछ नहीं बता सकी ,कहा तहरीर आने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## पावर प्लांट कर्मचारी को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**हमीरपुर।** कानपुरझसागर नेशनल हाईवे 34 पर स्थित लक्ष्मीबाई तिराहे के पास बीती रात सड़क हादसे में नवेली पॉवर प्लांट के 25 वर्षीय कर्मचारी की मौत हो गई। राजपूत मोटर्स के सामने बाइक सवार सर्वेश विश्वकर्मा को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोग घायल सर्वेश को जिला अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सोशल मीडिया सेल के माध्यम से जानकारी दी कि मृतक लखीमपुर खीरी के फारदहन थाना क्षेत्र का रहने वाला था। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है और परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की मदद से अज्ञात वाहन की पहचान करने का प्रयास कर रही है।

## जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर की कार्यवाही की मांग

**सुमेरपुर,हमीरपुर।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम इंगोहटा में दो माह बीत जाने के बाद भी आरोपियो के खिलाफ कार्यवाही न होने से पीड़िता ने डीएम को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है। ग्राम इंगोहटा निवासी कलावती पत्नी रामऔतार साहू ने डीएम को दिये पत्र में कहा है कि विगत 11 नवम्बर 2024 को पड़ोस के रवि पुत्र कालका, अर्चना पत्नी सुशील,कविता पुत्री कालका माया पत्नी कालका आदि ने उसकी पक्की दीवाल में तोड़फोड़ की थी मना करने पर मारपीट की थी बचाने आयी अलका व प्रमोदनी के साथ भी मारपीट की थी जिससे गंभीर रूप से घायल हो गयी थी। घटना की रिपोर्ट थाना सुमेरपुर में दर्ज कराई भी दो माह बीत जाने के बाद भी आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही न होने से उनके हौसले बुलन्द है। पीड़िता ने जानमाल का खतरा बताते हुये आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

## 36 क्वार्टर शराब के साथ एक गिरफ्तार

**मौदहा हमीरपुर।** इस समय क्षेत्र में जुआ और मादक पदार्थों की तस्करी जोरों पर चल रही है इसी के चलते बिंवार पुलिस ने एक युवक को शराब के साथ गिरफ्तार किया है। बिंवार पुलिस को सूचना मिली थी कि बिभूनी की ओर जाने वाली सड़क पर एक संदिग्ध वस्तु लिए हुए युवक कहीं जाने की फिराक में खड़ा है जिसपर बिंवार पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए युवक को घेर कर पकड़ लिया जिसने अपना नाम दयाराम पुत्र छिददू निवासी भरखरी बताया जबकि आरोपी के पास से पुलिस ने 36 क्वार्टर झूम ब्रांड की शराब बरामद की।पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## संविदा विद्युत कर्मी की मौत मे दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**सुमेरपुर,हमीरपुर।** थाना सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम टेढ़ा में पांच दिन पूर्व में नलकूप की लाइन जोड़ते समय करेन्ट लगने से विद्युत संविदा कर्मी की हुई मौत के मामले में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। संविदा कर्मी मृतक संजय सिंह की पत्नी रीना देवी ने तहरीर देकर बताया कि विगत 13 फरवरी 2025 को उसके पति संजय को गांव के निवासी अंकुश पुत्र राजेन्द्र अग्निहोत्री और आशू पुत्र आशाराम घर से लिवा गये कि नलकूप की लाइन खराब हो गयी है उसे जोड़ दो मेरे द्वारा पति को न जाने के लिये कहा लेकिन उपरोक्त लोग यह कहकर लिवा ले गये कि हमने संविदा कर्मी अवधेश से शटडाउन ले लिया है। जबकि शटडाउन नहीं था। दबाव बनाकर पति को खंबे में चढ़ा दिया तभी करेन्ट का झटका लगा और वह खंबे से नीचे गिर गया। आरोप है कि पति को उक्त लोगो द्वारा तड़पता हुआ देवगांव रोड पर सड़क किनारे छोड़कर भाग गये थे। करीब 3 बजे जब सूचना मिली तो मौके पर पहुंचकर गंभीर हालत में उसे सदर अस्पताल ले गये जहाँ डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अब उक्त लोग कह रहे है कि कार्यवाही की तो तुम्हे भी ठिकाने लगा देगे। पुलिस ने महिला की तहरीर पर धारा 106, 238, 351 (3) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपियो की तलाश शुरू कर दी है।

## कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू

**सुमेरपुर,हमीरपुर।** सुमेरपुर के वार्ड 15 संत कबीर नगर में श्रीमद भागवत पुराण की भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी । और भागवत कथा के महत्तम पर प्रकाश डाला गया। भागवत पुराण की शोभा यात्रा सम्पन्न होने के बाद कथा वाचन आचार्य संजयराम शुक्ला ने भागवत के महत्तम पर प्रकाश डालते हुये बताया श्रीमद भागवत एक आलौकिक ग्रन्थ है जिसमें कार्ययोग ज्ञानयोग,वर्णाश्रम और मानव धर्म तथा भक्तियोग सहित परमात्मा की प्राप्ति के सभी साधनों का वृहद वर्णन है। लेकिन इसमें परमात्मा की भक्ति का ही विशेष रूप से निरुपण किया गया है। भागवत पुराण कथा नहीं बल्कि कथाओ का सार है और कथा रूपी अमृत तो केवल भक्तो को ही मिलता है। कथा के परीक्षित श्रीमती सरोज देवी एवं हीरालाल तिवारी रहे।

## पुत्र रत्न की प्राप्ति पर गायो को खिलाया गुड़

अखण्ड आवाज



**सुमेरपुर,हमीरपुर।** सुमेरपुर के दुग्ध डेरी रोड बड़ी पुलिया के पास के निवासी पारस शिवहरे को पुत्र रत्न की प्राप्ति होने पर जश्न मनाया गया और खुशी में कान्हा गौशाला में गायो को गुड़ व गाजर खिलाया गया। इस मौके पर दीपक शिवहरे, प्रखर शिवहरे, लकी मिश्रा, अभय साहू, उज्जवल गुप्ता, रोहित वर्मा शनि वर्मा उमेश शिवहरे आदि लोग मौजूद रहे और सभी ने पुत्र रत्न की प्राप्ति पर खुशी जताई

## मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

**सुमेरपुर,हमीरपुर।** रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण कार्य के दौरान किसानों की जमीन के मुआवजे का मामला प्रकाश में आया है। सुमेरपुर ब्लॉक के पत्योरा गांव के दर्जनों किसानों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मुआवजे की मांग की है। किसानों का आरोप है कि रेलवे विभाग ने बिना मुआवजा दिए उनकी जमीन पर काम शुरू कर दिया है। किसान जगमोहन, ओमकार, श्रीकृष्ण और लल्लू के अनुसार, दो साल पहले जब यह काम शुरू हुआ था, तब उन्हें मुआवजा देने का वादा किया गया था। लेकिन न तो कोई एग्रीमेंट हुआ और न ही मुआवजा मिला।



इतना ही नहीं, ठेकेदार ने उनकी खड़ी फसल को भी कटवा दिया और काम शुरू करा दिया।
जिलाधिकारी से मिलने के बाद किसानों को आश्वासन मिला है कि रेलवे विभाग को प्रभावित किसानों का पूरा डेटा उपलब्ध कराया जाएगा। यह मामला पत्योरा गांव से होकर गुजरने वाले रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण से जुड़ा है, जिसमें किसानों की कृषि भूमि का एक हिस्सा प्रभावित हो रहा है।

## श्रृद्धालुओं की बस की टक्कर, सभी सुरक्षित

**सुमेरपुर,हमीरपुर।** सुमेरपुर बस स्टैण्ड तिराहा में प्रयागराज कुंभ से वापस लौट हमीरपुर जा रही रोडवेज डिपो की बस को ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।
गलीमत रही की सावरिया बाल-बाल बच गयी। सोमबार को करीब तीन बजे हमीरपुर डिपो की बस संख्या यू पी 78 एच एन. 2287 प्रयागराज कुंभ से सुमेरपुर होते हुये हमीरपुर जा रही थी तभी बस स्टैण्ड तिराहा में बालू से लदे ट्रक नम्बर यू पी 78 जी.टी 8070 ने पीछे से बस में टक्कर मार दी जिससे बस के अगले हिस्से में




लगा शीशा व बाडी क्षतिग्रस्त हो एकाएक टक्कर से बस में बैठी सवारी हिल गयी गलीमत रही की सभी यात्री बाल बाल बच गये। लोगो ने इसे ट्रक चालक की लापरवाही बतायी क्योकि ट्रक आगे जा रहा था और बस पीछे लगी थी तभी यह घटना घटित हुई।

## कार अनियंत्रित होकर गड्ढे में घुसी ,चालक की मौत ,चार घायल

**बिवांर,हमीरपुर।** बिवांर थाना की कुनेहटा चौकी क्षेत्र में ऑल्टो कार अनियंत्रित होकर रोड़ किनारे गड्ढे में जा घुसी जिसमें सवार पांच लोगों में से चालक की मौत हो गई ,अन्य सभी घायलों को मौदहा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।चौकी इंचार्ज अखिलेश प्रसाद ने बताया कि रविवार शाम लगभग पौने पांच बजे मौदहा से कुनेहटा होते हुए बसवारी की ओर जा रही ऑल्टो कार अचानक अनियंत्रित होकर रोड किनारे खाई में घुस गई।बयात कार में अरुण कुमार पुत्र महेश्वरीदीन वर्मा ,अनिल कुमार पुत्र केसरी ,ब्रजेश (25)पुत्र संतोष (कार चालक)



निवासीगण ग्राम धौहल बुजुर्ग थाना जलालपुर ,मानसिंह पुत्र शिवदानी वर्मा निवासी ग्राम लरौंद थाना बिवांर और अजय पुत्र हाकिम निवासी ग्राम करारी सवार थे ,जिनमें से चालक ब्रजेश की मौत हो गई ,अन्य घायलों को एम्बुलेंस द्वारा मौदहा सीएचसी भेजा गया।
बताया शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा उसके रिपोर्ट से कुछ पता चल सकेगा।चौकी इंचार्ज ने बताया कि परिजनों से जानकारी मिली है कि सभी लोग लरौंद से धौहल जा रहे थे।

## दो ट्रकों में सीधी टक्कर, एक गंभीर

**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे के बाहर से निकलने वाले नेशनल हाईवे पर दो ट्रकों की टक्कर में एक ट्रक का चालक गंभीर रूप से घायल हो गई। नेशनल हाईवे 34 पर मंकरांव के निकट दो ट्रकों में हुई सीधी टक्कर में जहां एक ट्रक के परखच्चे उड़ गए तो वहीं दूसरा ट्रक चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया।जबकि दूसरे ट्रक का चालक बहादुर(45) पुत्र कामता प्रसाद बकवा झांसी ट्रक में फंस गया।सूचना पर पहुंची पुलिस और स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ट्रक में फंसे चालक को बाहर निकाल कर सरकारी अस्पताल पहुंचाया जहां से गंभीर चोंटे होने के कारण




प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।फिलहाल चालक को गंभीर चोंटें बताई जा रही हैं।

## किसान यूनियन ने आबकारी अधिकारी और ठेकेदार को ठहराया मौतों का जिम्मेदार

**मौदहा हमीरपुर।** पिछले डेढ़ महीने में शराब से हुई पांच मौतों के बाद महिलाओं द्वारा की गई शराब ठेका में तोडफोड़ की घटना को लेकर अब भारतीय किसान यूनियन खुल कर सामने आ गई है। भारतीय किसान के बैनर तले लगभग दो दर्जन से अधिक संगठन के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित करते हुए एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपने के साथ गोल चबूतरे पर प्रदर्शन किया।जिसमें नयी दिल्ली, बजरंगी डेरा की शराब की



दूकान पढोरी के नाम पर होने के लिए अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया साथ ही लगभग डेढ़ महीने में हुई पांच मजदूरों की मौत के लिए शराब की दूकान के ठेकेदार के साथ ही आबकारी अधिकारी को जिम्मेदार ठहराते हुए जांच की मांग की।इतना ही नहीं किसान यूनियन ने सभी मृतकों के परिजनों को पच्चीस पच्चीस लाख रुपये एकमुश्त मुआवजे के साथ ही दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करने और महिलाओं पर दर्ज मुकदमा वापस लेने की मांग की है इतना ही नहीं किसान यूनियन ने बुण्देलखण्ड बचाओ अभियान के तहत गांव में शराब की दूकान नहीं होने की मांग की है।इस दौरान विवेक चंद एडवोकेट, रामकिशोर,भूपेंद्र सिंह भदौरिया,संतोष कुमार निषाद सहित अन्य दर्जनों संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों से पूंछताछ कर पुलिस ने बैंक से हटाया



**महोबा** ' पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपदीय पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारिओं द्वारा जनपद में संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अभियान चलाया गया जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाली विभिन्न बैंकों में पहुंचकर बैंको की सुरक्षा व्यवस्था को चेक किया गया व विभिन्न सुरक्षा उपकरणों की स्थिति की समीक्षा की गयी। जनपदीय पुलिस बल द्वारा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित विभिन्न बैंकों, वित्तीय संस्थानों में भ्रमणशील रहे, इस दौरान बैंक के अन्दर व बाहर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी तथा अनावश्यक रूप से खड़े व्यक्तियों को पूंछताछ कर वहाँ से हटाया गया तथा बैंक के अन्दर उपस्थित भीड़ को कतारबद्ध किया गया साथ ही बैंक के अन्दर स्थित सीसीटीवी कैमरों, वार्निंग अलार्म एवं सुरक्षा सम्बन्धी उपकरणों को परखा गया एवं शाखा प्रबन्धक से सुरक्षा बिन्दुओं पर वार्ता की गयी ' इस दौरान ड्यूटी में मौजूद सुरक्षा कर्मियों को सतर्कता के साथ ड्यूटी करने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, इसके साथ ही बैंकों के बाहर खड़े व्यक्तियों से पूछताछ की गयी व उन्हे अनावश्यक रुप से न खड़े होने की हिदायत दी गयी ।पुलिस टीम ने बैंक चेकिंग के दौरान बैंक आये हुए आम जनमानस से संवाद स्थापित कर उनको धोखाधड़ी, जालसाजी, ठगी, टप्पेबाजी से बचाव हेतु जागरूक किया गया।

## सरीला में स्वास्थ्य सेवाए चरमराई, एक्स-रे टेक्नीशियन और दंत चिकित्सक न होने से मरीज परेशान

**सरीला,हमीरपुर।** सरीला तहसील का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) मूलभूत चिकित्सा सुविधाओं के अभाव से जूझ रहा है। स्वास्थ्य केंद्र में एक्स-रे मशीन होने के बावजूद टेक्नीशियन की अनुपस्थिति के कारण मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, दंत चिकित्सक डॉ. शिखा प्रसूति अवकाश पर हैं, जिससे दांत संबंधी समस्याओं से पीड़ित मरीजों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय




निवासियों दयाराम, सुग्गा, संतोष, भारत, निहाल और रूपरानी के अनुसार, हड्डी चोट और फ्रैक्चर के मरीजों को एक्स-रे की सुविधा न होने के कारण अन्य अस्पतालों का रुख करना पड़ता है। सीएचसी का इमरजेंसी वार्ड भी केवल मामूली उपचार के बाद मरीजों को रेफर कर देता है। यह स्वास्थ्य केंद्र लगभग 50 गांवों की आबादी को सेवाएं प्रदान करता है। स्वास्थ्य केंद्र की भौतिक स्थिति भी चिंताजनक है। परिसर का रखरखाव उचित नहीं है, मुख्य द्वार से अंदर तक की सड़क और फर्श की हालत खराब है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने व्यवस्थाओं और सुविधाओं को दुरुस्त करने का आश्वासन दिया है, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।

## महाकुम्भ से लौटे श्रद्धालुओं को नगर पालिका मंझनपुर करा रहा भोजन

**प्रयागराज।** प्रयागराज के महाकुंभ के आयोजन में संगम में स्नान करने के बाद वापस लौटने वाले श्रद्धालुओं को नगर पालिका परिषद मंझनपुर द्वारा भोजन कराया जा रहा है इसके लिए समदा के पास स्टॉल लगाया गया है जिले के साथ गैर जनपदों व प्रांतो तथा विदेशों से लोग महाकुंभ पहुच रहे है। लोगों की संख्या प्रयागराज में अधिक होने की वजह से सभी रूट बदल दिया गया है। कौशाम्बी होते हुए फतेहपुर, रीवा चित्रकूट एमपी बादा गुजरात आदि जनपदों से महाकुंभ जाने व प्रयागराज से गंगा स्नान कर लौटने वाले श्रद्धालूओ को खाने पीने की कोई समस्या नहीं हो, इसे देखते हुए नगर पालिका परिषद मंझनपुर ने समदा के पास स्टाल लगाया है। इस स्टाल में प्रतिदिन दस हजार से अधिक श्रद्धालू भोजन करते है। स्टाल में खुद नगर पालिका अध्यक्ष व अधिशाषी अधिकारी श्रद्धालूओ को भोजन परोसने का काम करते है। सोमवार को प्रयागराज से संगम में स्नान कर रीवा जाने के लिए तीन बस श्रद्धालूओ से भरी हुई स्टाल में पहुच गई। बस से आये श्रद्धालू समय से भोजन कर एक साथ जा सके, इस लिए सभी के खाने की व्यवस्था किया गया। इस दौरान श्रद्धालूओ को भोजन करा कर नगर पालिका अध्यक्ष बीरेन्द्र फौजी ने कहा कि श्रद्धालूओ को भोजन कराने से पुण्य मिलता है

## अग्नि शमन टीम ने महिला पुरुष जिला अस्पताल में दिया प्रशिक्षण

**महोबा।** अपर पुलिस महानिदेशक अग्निशमन एवं आपात सेवा उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार स्कीम नंबर तीन के अंतर्गत जनपद में संचालित जिला पुरुष अस्पताल एवं जिला महिला अस्पताल में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया जिसके तहत वहाँ मौजूद स्टाफ को भवन में लगे अग्निशमन उपकरणों को चलाने का प्रशिक्षण दिया गया
साथ ही अक्रियाशील उपकरणों को सदैव क्रियाशील रखने हेतु एवं आपातकालीन द्वार को क्रियाशील रखने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए सोमवार को अपर पुलिस महानिदेशक अग्निशमन एवं आपात सेवा उत्तर प्रदेश के आदेशा पर स्कीम नंबर तीन के अंतर्गत जनपद में संचालित जिला पुरुष अस्पताल एवं जिला महिला अस्पताल में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी देवेश तिवारी द्वारा अपनी टीम के साथ पहुंचकर चेकिंग अभियान चलाया गया।



# धड़कन से जुड़ी जम्हाई

**यकीनन** हम अभी तक जम्हाई आने की असलियत तक नहीं पहुंच पाए हैं। माना जाता है कि जम्हाई तभी आती है, जब हम या तो थके होते हैं या बोर हो चुके होते हैं, या इसलिए जम्हाई लेना शुरू कर देते हैं कि सामने वाला भी ले रहा है, लेकिन जम्हाई को इन बातों से साबित करना कठिन है। विज्ञानियों की जम्हाई आने की सभी जैविक वजहों को जानने में कोई रूचि नहीं रही, लेकिन वे इस बात पर एकराय हैं कि जम्हाई तभी आती है, जब हमारी सांस प्रणाली में अनैच्छिक अवरोध बन जाता है। इससे हमारे खून में कार्बन डाईऑक्साइड और ऑक्सीजन का स्तर नियमित होता है। तकनीकी रूप से कहें, तो गहरी सांस लेने और उसी के साथ धीरे-धीरे कार्बन डाईऑक्साइड छोडने की क्रिया में मुंह खोलना जम्हाई है।



दरअसल, जम्हाई सामान्य क्रिया है, लेकिन बार-बार जम्हाई आए, तो समझ लें कि इसके पीछे रीढ़ की हड्डी और स्नायु केंद्रों में उठने वाले अनचाहे धक्के हैं। शरीरविज्ञानियों का अनुमान है कि जब हम थके होते हैं या बोरियत महसूस करते हैं, तो कई बार हमारी सांस फूल जाती है। ऐसी हालत में फेफड़े को हृदयवाहिनी के जरिए ऑक्सीजन मिलना कम हो जाता है। जब जम्हाई आती है, तो उस शख्स की सतर्कता का स्तर अपेक्षाकृत बढ़ जाता है। इसकी वजह है, अचानक ऑक्सीजन की अधिक मात्रा आने से दिल की धड़कन बढ़ जाना। ऐसे में फेफड़ों को आराम मिलता है और खून में कार्बन डाई ऑक्साइड बढ़ती है, जिससे खून के जरिए ऑक्सीजन तेजी से दिमाग में जाने लगती है।

ऐसे में सामान्य प्रक्रिया के तहत सांस लेना शुरू हो जाता है यानी फेफड़ों को हवा मिलने लगती है। शरीरविज्ञानियों के मुताबिक, अगर कोई जम्हाई ले रहा हो, तो पास बैठा दूसरा शख्स भी जम्हाई लेने लगता है यानी इसे छूत लगना या 'क्षणिक रोग' कहना ठीक रहेगा। लेकिन सुस्त दिमाग वालों या मंद दिमाग वालों को खूब जम्हाइयां आती हैं। अभी कई अनसुलझे रहस्यों में से एक बड़ा रहस्य अब तक कायम है कि गर्भ में पल रहा भ्रूण क्यों जम्हाई लेता है, जबकि सभी जानते हैं कि वह गर्भ में रहते हुए अपने फेफड़ों से ऑक्सीजन लेता ही नहीं! बल्कि पैदा होने के बाद ही वह फेफड़ों की मदद से ऑक्सीजन लेता है। इसी तरह इस रहस्य पर से भी अभी तक पर्दा नहीं उठा है कि कोई व्यक्ति रक्तवाहिनियों में ऑक्सीजन की काफी मात्रा होने के बावजूद जम्हाई क्यों लेता है?

तय है, जम्हाई आने का रहस्य जीवन के बाकी रहस्यों की तरह तो जटिल हो ही नहीं सकता, लेकिन शरीरविज्ञानियों के बीच यह पहेली सरीखा तो है ही। अब सवाल है कि कैसे माना जाए कि जम्हाई संक्रामक है, छुआछूत जैसा है या पड़ोस में बैठे शख्स के जम्हाने पर हमें भी क्यों जम्हाई आने लगती है? संक्रामक होने जैसी बातों पर यकीन करते हुए अनुसंधानकर्ताओं ने हाल में एक निष्कर्ष निकाला कि इंसानों में ही नहीं, चिम्पैंजियों में भी जम्हाई की बीमारी पाई जाती है। लेकिन कोई इसकी विश्वास करने लायक वजह बता पाने की स्थिति में नहीं है। जम्हाई लाने की वजह जानने में जटिलता है कि हम किसी को जम्हाई लेते देख सकते हैं और वैसा ही खुद के साथ भी उसी समय हो जाता है, बिना कोई वजह सोचे कि ऐसा क्यों हो गया। हमने अलग समय में देखा कि यह हो जाता है, जैसे कि ऐसा हो जाने का कोई मकसद रहा। फिनलैंड ने दिमागी ढांचे के भीतर होती जम्हाई संबंधी हलचलों की पक्की जानकारी हासिल करने के लिए दिमाग के स्कैन कराने के लिए कोष आवंटित किया। नतीजा निकला कि यह अबूझ पहेली है कि जम्हाई का संक्रमण हमें न समझते हुए या अनजाने में ही पकड़ लेता है। जो भी हो, हमारे दिमाग के 'मिरर न्यूरॉन सिस्टम' में हरकतों की वजह से जम्हाई आती है। न्यूरॉन दिमाग की अहम कोशिकाएं होती हैं। जब इंसान कुछ कर रहा होता है, तो ये सक्रिय हो उठती हैं।

फिर भी, जब तक इन सवालों को उनके माकूल जवाब नहीं मिल जाते, यह मानने का कोई कारण नहीं कि एक शख्स तब जम्हाई लेता है, जब वह बोरियत महसूस करता है या जब वह थका होता है। तसल्ली रखिए कि बोरियतभरा इंसान कोई भी हो, कम से कम जम्हाई से वह मरता तो नहीं है!

## बोतल का दूध बढ़ा सकता है बच्चों में मोटपा



**नई** रिसर्च से पता चला है कि जो बच्चे बोतल का दूध पीते हैं, आगे चल कर उनके मोटापाग्रस्त होने का खतरा ज्यादा रहता है। वैज्ञानिकों के मुताबिक इसकी वजह है बोतल के दूध में ज्यादा कैलोरी होना। इतना ही नहीं, बोतल का दूध पीने वाले बच्चों में पेटूपन की प्रवृत्ति भी बढ़ती है जिससे उभरना बहुत मुश्किल होता है। यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिस्टल के वैज्ञानिकों ने 4 महीने के 881 बच्चों की खान-पान की आदतों का अध्ययन कियात। 5 साल बाद सबके चैकअप से पता चला कि जो बच्चे फॉर्मूला मिल्क (डिब्बाबंद मिल्क पाऊडर) पीते थे और जिन्हें ठोस आहार बहुत जल्दी दिया जाने लगा था, वे अपेक्षाकृत मोटे हो गए थे। बड़े होने पर उनमें मोटापे का खतरा ज्यादा था।

बोतल का दूध पीने वाले बच्चों की बजाय उन शिशुओं में एनर्जी को रैगुलेट करने की क्षमता बेहतर होती है, जो स्तनपान करते हैं।

# हेल्थ प्लस

## घातक है फूड प्वाइजनिग



**कारण**

खराब खाना खाने से फूड प्वाइजनिग होता है। माना जाता है कि इस मौसम में बैक्टीरिया ग्रोथ कम होता है जबकि गर्मी में स्थिति इसके उलट होती है।

**लक्षण**

- पेट में भारीपन का अहसास होना।
- पेट में आवाज के साथ कई बार मोशन होना।
- उल्टी लगना, कभी कभी उल्टी भी होती है।
- पेट में दर्द भी होता है।

**घातक :** फूड प्वाइजनिग काफी घातक हो सकती है क्योंकि इससे शरीर में पानी की काफी कमी हो जाती है। यानी डी-हाइड्रेशन हो जाता है। पेट में बहुत दर्द होता है। इतना ही नहीं, सिर दर्द के साथ काफी कमजोरी महसूस होती है।

**उपचार**

- फूड प्वाइजनिग का इफेक्ट ज्यादातर 24 से 48 घंटों तक ही रहता है।
- इस दौरान शरीर में पानी की कमी हो जाती है।
- पानी की कमी को पूरा करने के लिए लगातार इलेक्ट्राल, ग्लूकोज आदि के रूप में पानी लेते रहें। ताकि डी -हाइड्रेशन न हो।

**सावधानियां**

- बाहर का खाना न खाएं।
- स्पाइसी फूड का सेवन बिल्कुल भी न करें।
- पेस्टी या पिज्ज कभी न खाएं क्योंकि वह कई दिनों का होता है, जिसमें बैक्टीरिया आसानी से अटैक करता है।
- कभी भी हाथ धोए बिना कुछ भी न खाएं।
- अपने पेट को छूने के बाद हाथ जरूर धोएं लें।
- हमेशा गर्म खाना ही खाएं।
- कभी भी बासी खाना न खाएं।
- फल और हरी सब्जियां (सलाद आइटम) खाने से पहले अच्छी तरह धो लें।

# महिलाओं के लिए 7 स्वास्थ्य सूत्र

**महिलाएं** घर की धुरी हैं जिन के इर्द-गिर्द परिवार घूमता है। यदि धुरी ढीली चसेगी तो परिवार भी अस्त-व्यस्त हो जायेगा। ऐसे में आवश्यकता होती है महिलओं के स्ट्रांग होने की। स्ट्रांग वे तभी रह सकती है जब वे हैल्दी फूड खाएंगी, व्यायाम करेंगी और सकारात्मक सोच रखेंगी।

**1. हैल्दी डाइट लें :-**

हैल्दी डाइट वही है जो फल, सब्जियों और अनाज का सही बैलेंस बना कर ली जाए। जिस मौसम में जो फल और सब्जियां बहुतायत में पैदा होती हों और बाजार में उपलब्ध हों, उन फलों और सब्जियों का सेवन अधिक करें। डिब्बाबंद या पैकेटबंद खाद्य सामग्री घर में कम से कम लाएं। खाना हमेशा हैल्दी तकनीक से पकाएं। अधिक तला भोजन गरिष्ठ होने के कारण पचने में आसान नहीं होता। भोजन उबालकर, स्टीम कर, स्टिर फ्राई कर, बेक कर बनाएं जो पचने में आसान होता है। इस प्रकार के भोजन से गैस व एसिडिटी की समस्या भी नहीं रहती। प्रयास कर भोडन ताजा पकाएं और सब्जियों के सूप बाजारी बंद पैकेट वाले न बनाकर घर पर ताजी सब्जियां लेकर बनाएं।

**2. खूब पिएं पानी :-**

दिन भर में 10 से 12 गिलास पानी जरूर पिएं जो आंतरिक शरीर को साफ रखने में मदद करता है। दिन में एक गिलास ताजे फलों का या सब्जियों का रस प्रतिदिन पिएं। सर्दियों में सब्जियों का सूप लें जिससे इम्यून सिस्टम स्ट्रांग बनता है।

**3. अच्छी आदचें अपनाएं :-**

बेहतर खान-पान के साथ बेहतर रहन-सहन भी आवश्यक है। रहन-सहन में वातावरण और अच्छी सोच आते हैं। अपने आस-पास सामान को समेट कर रखें और साफ रखें ताकि वातावरण शुद्ध बना रहे। अपनी शरीर पर धीरे-धीरे कुप्रभाव पड़ेगा और इम्यून सिस्टम बिगड़ जाएगा। समय पर उठें, समय पर सोयें, समय पर भोजन ग्रहण करें। पारिवारिक टेंशन को मुख्य मुद्दा न बनाएं। सोचें कि इन समस्याओं से कैसे निपटा जाए। इससे स्वयं को तनाव कम होगा।

**4. हल्का संगीत सुनें :-**

हल्का मनपसंद संगीत स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा होता है। तेज संगीत हमारे स्नायुतंत्र पर प्रभाव डालता है। इससे सांस लेने में दिक्कत होती है, लंग्स से सांस लेने और छोड़ने की ताकत कम होती है, इसलिए जब समय हो, लाइट म्यूजिक ता आनन्द लें। शादियों और समारोहों में तेज संगीत के साथ वाले स्थान से दूरी बना कर रखें ताकि आप अपने स्वास्थ्य की सुरक्षा कर सकें।

**5. नींद पूरी लें :-**

कई बार महिलाएं अगले दिन की चिंता या अन्य पारिवारिक समस्याओं के कारण नींद नहीं ले पातीं। कई बार घर में काम की अधिकता होने के कारण महिला इतनी थक जाती है कि इसके शरीर को पूरा आराम नहीं मिल पाता। ऐसी अवस्था में परिवार के अन्य सदस्यों से उनकी क्षमतानुसार घरेलू कामों में मदद लें।

**6. सैर, व्यायाम रोज करें :-**

अपने शरीर को चुस्त दुरूस्त बनाए रखने के लिए प्रातः सैर पर जाएं। यदि प्रातः काल समय न हो तो शाम को सैर पर जाएं। कुछ हल्के व्यायाम या तो प्रातः जल्दी उठ कर कर लें नहीं तो काम खत्म कर कुछ व्यायाम अवश्य करें। योगा क्लासेस, एरोबिक्स, जिम आदि ज्वाइन कर लें। इन क्लासेज को अपनी सुविधानुसार ज्वाइन कर सकती हैं। इससे मन, तन एक्टिव बना रहेगा और इम्यून सिस्टम स्ट्रांग बना रहेगा।

**7. प्रोटीन की मात्रा सीमित लें :-**

अधिक प्रोटीन की मात्रा 35 वर्ष के बाद नुक्सान पहुंचा सकती है, इसलिए प्रोटीन बस दालों और पीनर के रूप में लें। जितना खाने के साथ जरूरी हो, उतना लें। सप्ताब में दो बार सोयाबीन भी ले सकते हैं।

अधिक प्रोटीन हार्ट पर प्रभाव डालता है। इससे एल डी एल की मात्रा बढ़ जाती है। संयमित प्रोटीन ही लें।



# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** — चू चे चो ला ली लू ले लो आ

कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कर भला तो हो भला वाली कहावत याद रखें। किसी को हानी पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-5-6-8

**वृष** — इ उ ए ओ वा वी वू वे वो

यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-7-8

**मिथुन** — का की कू घ ङ छ के को हा

शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। शुभांक-2-6-9

**कर्क** — ही हू हे हो डा डी डू डे डो

मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्त्वपूर्ण कार्यों को आज ही निबटा लें उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। इच्छित कार्य सफल होंगें। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-6-7-9

**सिंह** — मा मी मू मे मो टा टी टू टे

कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। यात्रा का परिणाम मिल जाएगा। शुभांक-4-6-7

**कन्या** — टो पा पी पू ष ण ठ पे पो

अपने काम पर पैनी नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-4-6-8

**तुला** — रा री रु रे रो ता ती तू ते

कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। शुभांक-1-5-7

**वृश्चिक** — तो ना नी नू ने नो य यी यू

अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु या नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। पुराने मित्र से मिलन होगा। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। शुभांक-5-6-8

**धनु** — ये यो भा भी भू धा फा ढा भे

धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। समय पक्ष का बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर** — भे जा जी खी खू खे खो गा गी

परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। जीवन साथी अथवा यार दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-5-6-9

**कुंभ** — गू गे गो सा सी सू से सो दा

पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मित्र से मिलन होगा। शुभांक-3-8-9

**मीन** — दी दू थ झ ञ दे दो चा ची

भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। शुभांक-3-5-6

## काकुरो पहेली - 3445



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

**उदाहरणतः**



5 + 6 + 7 + 8 + 9 = 35
4 + 6 + 7 + 8 + 9 = 34
5 + 7 + 8 + 9 = 29
6 + 7 + 8 + 9 = 30

**काकुरो - 3444 का हल**



## हंसी के फूव्वारें

'सुधीर, आज जब मैं पढ़ा रहा था तो तुम बातें कर रहे थें. अध्यापक ने कहा.'

'नहीं सर, आपको भ्रम हो गया लगता है मैं तो नींद में कभी बाते नहीं करता हूँ .'

□ □ □

'कल रात अंधेरे में एक चोर मेरे कमरे में घुस आया.' एक लड़की ने अपने प्रेमी को बताया.

'फिर क्या उसने कुछ चुराया ?' प्रेमी ने पूछा.

'हां, बहुत कुछ चुराकर ले गया, मैं समझी कि तुम आये हो.'

□ □ □

मालिक(नौकर से) : रामू इस वर्ष तुम चार बार अपने दादा के मरने की छुट्टी ले चुके हो अब किस बात की छुट्टी चाहिए?

रामू: मालिक मेरी दादी की शादी है.

□ □ □

एक महिला ने अपनी सखी को बताया, 'मेरे लिए पति की देखभाल करना मुश्किल काम नहीं, आखिर मैं अपने चार बच्चों को पाल चुकी हूँ.'

□ □ □

रात्रि का समय था. हवलदार ने एक साइकिल सवार को बिना रोशनी लगाये आते देखा तो उसने रोका और पूछा- 'यह साइकिल तुम्हारी है?'

'जी नहीं.'

'तुम्हारा नाम'

'जी वह मेरा अपना है.'

## फिल्म वर्ग पहेली- 3445



**बायें से दायें:-**

१. शशिकपूर, रेखा, नीना गुप्ता की 'सांझ ढले गगन तले' गीतवाली फिल्म-३
३. 'तेरी आंखों के सिवा' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-३
५. संजय दत्त, मनीषा, रवीना की 'अंख लड़ती है तो' गीत वाली फिल्म-२
७. सलीम दुर्रानी व परवीन बाबी की बी. आर. इशारा निर्देशित फिल्म-३
८. आफताब, उर्मिला की फिल्म-२
९. रवीना को किस फिल्म में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्री पुरस्कार मिला था-३
११. 'झूठे नैना बोले' गीत वाली फिल्म-३
१२. धर्मेन्द्र, सायराबानो की 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली फिल्म-२
१३. फिल्म 'मदर' में शीर्षक भूमिका किसने की थी?-२
१४. इच्छाधारी सांपों पर आधारित एक बहुसितारा फिल्म-३
१५.अक्षय, लारा, प्रियंका की 'किसी से तुम प्यार करो' गीत वाली फिल्म-३
१७.गुरूदत्त, वहीदा रहमान की फिल्म-२
१९. चंद्रचूड़, अरशद वारसी, तब्बू की 'पानी पानी रे' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'आओ तुम्हें चांद पे' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा, रीना की फिल्म-२
२३. फिल्म 'विनाशक' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी?-३
२५. 'ओरी छोरी' गीत वाली फिल्म-३
२६. संजय, जैकी, शिल्पा, रवीना की फिल्म-२
२७. फिल्म 'ड्रीमगर्ल' की नायिका थी-२
२९.चंद्रचूड़, अरशद, मयूरी की फिल्म-३
३१. धर्मेन्द्र, हेमा की 'चोरों को सारे नजर आते हैं' गीत वाली फिल्म-२,३
३४. 'प्रहार' में डिम्पल का नायक?-२
३५. अजय, आफताब, विवेक, रितेश, लारा दत्ता, अमुताराव, तारा शर्मा, जेनीलिया की फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१.चंकी पांडे, जयाप्रदा, किमी की 'चीची वाला छल्ला' गीत वाली फिल्म-३
२. 'चांदा मामा दूर के' गीत वाली राजेंद्र कुमार, गीता बाली की फिल्म-३
३. अशोककुमार, मीनाकुमारी की 'मन रे तू काहे ना' गीत वाली फिल्म-४
४. 'आपकी याद आती' गीत वाली फारूख शेख, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
६. 'जंगल' में उर्मिला का नायक?-४
१०. 'जुबां पे दर्द भरी' गीत वाली राजकुमार, माला सिन्हा की फिल्म-३
१२. 'बड़े मियां दीवाने' गीत वाली फिल्म-३
१५. संदीव कुमार और देवेन वर्मा दोनों की दुहरी भूमिकाओं वाली फिल्म-३
१६. 'रंग चला बहार चली' गीत वाली राजेश खन्ना, ऋषि, पूनम की फिल्म-३
१८. संजयदत्त, सलमान, माधुरी की 'बहुत प्यार करते है' गीत वाली फिल्म-३
२०. फिल्म 'तेरे नाम' का नायक?-४
२२. सायराबानो की पहली फिल्म जिसके नायक शम्मीकपूर थे-३
२४. 'चूड़ेवाली छमिया' गीत वाली सनी देओल, जयाप्रदा की फिल्म-३
२८. बलराज साहनी, नूतन की 'तू प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'कोयल सी तेरी बोली' गीतवाली फिल्म-२
३०. फिल्म 'ताजमहल' की नायिका?-२
३२. रितिक, करीना की 'ऐरी रे ऐरी क्या है ये पहेली' गीत वाली फिल्म-२
३३. 'तेरे दिल की तू जाने' गीत वाली फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 3444**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्लै | क | मे | ल | | सौ | दा | ग | र | |
| | र्ज | | की | म | त | | द | | माँ |
| आं | | सू | र | | न | फ | र | त | |
| दो | श | हा | | खे | | की | | नु | |
| ल | | ग | ज | ल | | श | जा | जा | नी |
| न | | | मी | | सं | | ल | | य |
| | गॅ | वा | र | | जो | र | | अं | त |
| को | | रि | | आ | ग | | जो | श | |
| ह | व | स | | द | | खु | शी | | लै |
| श | | | ज | मी | न | | ला | ड | ला |

## सूडोकु -3445

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| 4 | 7 | | | | 8 | 3 | | 9 |
| | | 8 | 7 | 3 | | 1 | 2 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 1 | | 7 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 5 | 1 | | 8 | 7 | | 4 | 9 | |
| | 2 | 4 | | 6 | 5 | 7 | | |
| 7 | | 1 | 3 | | | | 5 | 8 |
| | | | 1 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -3444 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |

## शब्द पहेली - 3445



**बाएँ से दाएँ**

1.ईष्ट कृपा,वर-4
3.मान का विलोम-4
8.शैतानी करना-4,3
10.झगड़ा,बैर-3
11.जंगल,वन-3
13.सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15.जलने के बाद बचे अवशेष-2
17.कार्य-2
18.पतवार-2
19.नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21.नमस्कार-3
25.बूंद-3
26.जिज्ञासा,लगन-3
27.आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30.मां के माता-पिता-2,2
31.रपटना-4

**ऊपर से नीचे**

2.वलय,घेरा-3
4.तीन घंटे का समय-3
5.खिसकना-4
6.उन्मादी,मदमस्त-4
7.यज्ञ,होम-3
8.नगर-3
9.तिरस्कृत-3
12.रूप अभिमान-3
13.शांति-3
14.प्रतिज्ञा-3
16.सहभोज-3
20.मोजा, पायताबा-3
22.उदारता-4
23.परवरिश करना-3
24.वचन तोड़ना-4
25.लेखनी-3
28.लिखावट-3
29.अमीर,धनवान-3

**शब्द पहेली -3444 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | मा | न | त | | अ | | बी | र | ब | ल |
| | ला | | वा | | म | हि | मा | | ल | व |
| म | | | य | की | न | | र | | | कु |
| त | क | ली | फ | | चै | त्र | | क | ल | श |
| वा | | ड | | रा | न | | गै | | ह | |
| ला | प | र | वा | ह | | का | र | गु | जा | री |
| | र | | दा | | अ | स्त | | मा | | मा |
| प्र | ख | र | | पा | प | | म | न | च | ला |
| जा | | | शा | | ह | न | न | | | गू |
| प | र | | पि | ह | र | | ह | | शा | |
| ति | जा | र | त | | ण | | र | ह | म | त |



# रणवीर इलाहाबादिया मामले पर विद्युत ने दी प्रतिक्रिया

समय रैना और रणवीर इलाहाबादिया का विवादित टिप्पणी का मामला अभी सुर्खियों में है। इस मामले पर कई बॉलीवुड सितारों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। अब इस मामले पर एक्शन हीरो विद्युत जामवाल ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है। विद्युत जामवाल ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर की है और इसमें उन्होंने कहा है कि विनाश काले विपरीत बुद्धि। उन्होंने आगे कहा है कि ये पैगाम मेरे फैंस के लिए है। मैं कुंभ से वापस आ चुका हूं। मैं इसकी सभी फोटो और वीडियो कल अपलोड करूंगा। ये बहुत अच्छी हैं।

## जब विनाश का समय आता है तो बुद्धि पलट जाती है

विद्युत जामवाल ने विवादित टिप्पणी मामले के बारे में कहा मैंने रणवीर इलाहाबादिया के विवाद के बारे में सुना और इस पर मेरी पहली प्रतिक्रिया है विनाश काले विपरीत बुद्धि। ये मुर्खता थी। लेकिन दोपहर से मैं सोच रहा हूं कि उन्होंने बहुत बड़ी गलती की है और लोग उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। लोग उनके करियर को खत्म करना चाहते हैं और हंस रहे हैं।

## माफ करने से दिमाग साफ होता है

विद्युत ने वीडियो में कहा है कि लोग कह रहे हैं कि एक गलती की वजह से किसी व्यक्ति को जिंदगीभर पछताना पड़ सकता है। मैं कहता हूं ठीक है, लेकिन ये बताइए कि रणवीर के पोडकास्ट में कौन था। विद्युत ने कहा कि अपना दिमाग साफ रखने के लिए आपको करुणा, दया, और माफ करना सीखना चाहिए। हम ये कब कर सकते हैं? विद्युत ने अपने फैंस से पूछा है कि हमें उन्हें माफ करना चाहिए या नहीं? हमारे पास माफ करने की ताकत है। हम बड़े पापियों को भी माफ कर देते हैं। आप क्या सोचते हैं? हमे आपसे प्यार है।

## क्या है पूरा मामला?

आपको बता दें कि रणवीर इलाहाबादिया ने इंडियाज गॉट लैटेंट शो में एक प्रतियोगी से उसके मां-बाप के बारे में अभद्र सवाल पूछे थे। इस पर लोगों ने नाराजगी जाहिर की। रणवीर ने इस मामले पर लोगों से माफी मांगी है। कई सितारों ने इस मामले के लिए रणवीर के खिलाफ कार्रवाई की बात कही तो कई सितारे ऐसे हैं, जिन्होंने कहा है कि रणवीर माफ कर देना चाहिए। हालांकि इस मामले में मुंबई पुलिस जांच कर रही है।



# वैलेंटाइन डे पर ऋचा ने दिया फैंस को तोहफा, आखिरी सोमवार में आएंगी नजर; खुद लिखी ये प्रेम कहानी

अभिनेत्री ऋचा चड्ढा ने आज वैलेंटाइन डे के खास मौके पर फैंस को प्यार भरा तोहफा दिया है। उन्होंने घोषणा की है कि वे खुद अपनी ही लिखी लव स्टोरी में अभिनय करने जा रही हैं। उन्होंने बताया कि कोरोना काल के दौरान उन्होंने खुद ये प्रेम कहानी भी लिखी। फिल्म का नाम फिलहाल आखिरी सोमवार रखा गया है।

## खुद लिखी फिल्म की कहानी

ऋचा चड्ढा ने बताया कि दूसरे लॉकडाउन के दौरान वे सिर्फ निर्माता बनकर खुश नहीं थीं। उन्होंने इस दौरान एक कहानी भी लिखी। इसी कहानी पर अब वे खुद अभिनय करने को भी तैयार हैं। फिल्म को लेकर अभिनेत्री बेहद उत्साहित हैं।

## कुछ ऐसी है कहानी

फिल्म की कहानी एक टीवी रियलिटी शो के निर्माता के बारे में है। इस निर्माता को जब ऑफिस में कोई चाइल्डिस कैट लेडी कह देता है तो वह उससे शादी करने की ठान लेती है। ऋचा ने कहा, मिडिल क्लास पंजाबी परिवार में बड़े होने से मेरा एक्सपीरियंस ऐसा रहा। मेरे सभी बड़े कजिन ने अरेंज मैरिज की है। यह कहानी भी कुछ ऐसी ही है जो एक परिवार के इर्द गिर्द ही घूमती है, यह एक फैमली मूवी है, जो आपके साथ आपके परिवार को भी पसंद आएगी।

## युवा सोच को लेकर दी अपनी राय

ऋचा ने कहा, जब हम कॉलेज से पास होते हैं, तो बहुत सारे सपने लेकर बाहर आते हैं। कोई नौकरी में जाता है कोई बिजनेस में। जब आप 30 के होते हैं तो एक नौकरी और परिवार दोनों की आशा रखते हैं, लेकिन समाज को लगता है कि बहुत देर हो चुकी है और आप थक जाते हैं क्योंकि ये सपने अब हासिल नहीं किए जा सकते। आखिरी सोमवार भी एक ऐसी कहानी है जो पहले टूटने और फिर साथ आने की कहानी है।

## निर्माता के तौर पर खास है कहानी

ऋचा ने कहा कि एक अभिनेता के रूप में, मेरी कॉमिक टाइमिंग का बहुत कम उपयोग किया गया है। हालांकि, मार्केट के हिसाब से देखें तो यह फिल्म कमाई करने की खास कहानी है। फिल्म का निर्देशन कौन करेगा, इस बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं है।

# अश्विनी की फिल्म में नजर आएंगी सोनाक्षी सिन्हा



निल बटे सन्नाटा, बरेली की बर्फी और पंगा जैसी फिल्में डायरेक्ट करने वाले अश्विनी अय्यर तिवारी ने अपने लिए एक अलग ग्राफ सेट किया है। उन्होंने इमोशनल कहानियों के साथ अपनी एक अलग पहचान बनाई। अब वे एक नए ड्रामा से वापसी करने के लिए तैयार हैं। इस फिल्म में वो सोनाक्षी सिन्हा और ज्योतिका को कास्ट करने वाली हैं। सोनाक्षी को हीरामंडी में से शेड वाले कैरेक्टर के लिए काफी तारीफ मिली थी। इस प्रोजेक्ट को कोर्टरूम ड्रामा बताया जा रहा है और इस फिल्म को डिजिटल प्लेटफार्म पर रिलीज किया जाएगा। इसकी शूटिंग अगले महीने मुंबई में शुरू होने वाली है। बताया जा रहा है कि इस फिल्म पर पिछले दो सालों से काम चल रहा है। शुरुआत में इसे करीना कपूर खान और कियारा आडवाणी को आफर किया गया था। हालांकि, उनके साथ बात नहीं बनीं जिसकी वजह से फिल्म में देरी हुई। अब सोनाक्षी और ज्योतिका के साथ ये फिल्म बनाई जा रही है। यह सोनाक्षी की पहली लीगल ड्रामा है। फिल्म में सोनाक्षी के अलावा ज्योतिका भी लीड रोल में हैं।



# कार्तिक के लिए साउथ से इम्पोर्ट हुई हीरोइन

हिंदी सिनेमा के चोटी के सितारों में गिने जाते रहे अभिनेता कार्तिक आर्यन की फिल्म 'चंदू चैंपियन' के बॉक्स ऑफिस पर सुपर फ्लॉप होने के बाद से हालत खस्ता है। उनके पास ले देकर गिनती की बस दो फिल्में हैं। फिल्म 'भूल भुलैया 3' के सुपरहिट होने के बाद भी उनके पास नई फिल्मों के प्रस्ताव न आने का मामला भी काफी रोचक रहा है। राजश्री प्रोडक्शन्स की फिल्म से बाहर होने के बाद से कार्तिक आर्यन को उनकी नई फिल्मों के लिए हीरोइन मिलने का संकट भी रहा है। अब पता चला है कि उनकी अनुराग बसु के निर्देशन में बन रही फिल्म के लिए साउथ की उस हीरोइन को फाइनल किया गया है जिसने फिल्म 'पुष्पा 2' में आइटम डांस किया है। इस हीरोइन का नाम है श्री लीला। अमेरिका की रहने वाली श्री लीला की एक फिल्म 'उस्ताद भगत सिंह' आंध्र प्रदेश के उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण के साथ निर्माणाधीन है। इसके अलावा वह फिल्म 'रॉबिनहुड' भी कर रही हैं। हिंदी सिनेमा में श्री लीला की चर्चा सबसे पहले 'छावा' के निर्माता दिनेश विजन की फिल्म 'दिलेर' की हीरोइन बनने के समय हुई। ये फिल्म सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम की डेब्यू फिल्म होनी थी, लेकिन फिल्म ट्रेड में फिल्म के गर्म न हो पाने पर इब्राहिम का डेब्यू अब ओटीटी पर रिलीज होने जा रही करण जौहर की फिल्म 'नादानियां' से होगा। श्री लीला का नाम कार्तिक आर्यन की नई हीरोइन के लिए उस फिल्म के लिए भी करीब करीब फाइनल हो चुका है जिसका निर्देशन अनुराग बसु कर रहे हैं और जिसकी हीरोइन पहले तृप्ति डिमरी थीं। अनुराग की फिल्म की शूटिंग अगले महीने से शुरू होने जा रही है। ये एक म्यूजिकल फिल्म होगी, जिसका संगीत प्रीतम तैयार कर चुके हैं। फिल्म 'भूल भुलैया 3' के समय अपने साथ किए गए व्यवहार को लेकर तृप्ति ने ही कार्तिक के साथ काम करने से मना किया है। हिंदी सिनेमा की स्थापित हीरोइनों में से तमाम दूसरी हीरोइन भी कार्तिक के साथ काम करने की अनिच्छा प्रकट कर चुकी हैं। इसी के चलते धर्मा प्रोडक्शंस के साथ बन रही उनकी अगली फिल्म में अनन्या पांडे को हीरोइन बनाया गया है।



# हिंदी फिल्म सरकारी बच्चा 28 फरवरी को होगी रिलीज

रुसलान मुमताज की सरकारी बच्चा की कहानी प्यार, करियर पर एक मजेदार नजरिया पेश करती है। क्या आपने कभी ऐसी प्रेम कहानी सुनी है जिसमें शादी प्यार पर नहीं बल्कि सरकारी नौकरी पर निर्भर करती हो? तो लीजिए! एक मजेदार रोलरकोस्टर राइड के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि ह्लसरकारी बच्चाह्व पारंपरिक रोमांस को पूरी तरह से बदल देने के लिए तैयार है! "फ्लाइंग बर्ड पिक्चर्स" के बैनर तले दानिश सिद्दीकी द्वारा निर्मित और सूर्यकांत त्यागी व दानिश सिद्दीकी की जोड़ी द्वारा निर्देशित जिसका फिल्मांकन बुंदेलखंड, महोबा उत्तरप्रदेश में किया गया, फिल्म "सरकारी बच्चा" आधुनिक समय के प्यार पर एक नया, अनोखा नजरिया पेश करती है, जहाँ अंतिम परीक्षा सिर्फ.दिल की नहीं बल्कि एक स्थिर सरकारी तनख्वाह की भी होती है !रुसलान मुमताज और अन्या तिवारी अभिनीत, सरकारी बच्चा एक ऐसे युवक की कहानी है जो प्यार में डूबा हुआ है, लेकिन उसे एहसास होता है कि उसकी सबसे बड़ी बाधा लड़की को प्रभावित करना नहीं है, बल्कि एक सुरक्षित सरकारी नौकरी से उस्के परिवार को प्रभावित करना है - जो उस्के पास नहीं है। हास्य, रोमांस, विचित्रता और ड्रामा से भरपूर यह फिल्म एक मध्यम



वर्गीय परिवार के जुनून और प्यार पर स्थिरता के जुनून को दशार्ती है। मुख्य जोड़ी में बिजेंद्र काला, एहशान खान, दिवंगत जूनियर महमूद, आशीष सिंह, दानिश सिद्दीकी, गुरप्रीत कौर चड्ढा, रिजवान सिकंदर, अनुपूर्णिमा, सुहानी सुधी, नसीम सिद्दीकी, आन्या और हेमंत चौधरी जैसे प्रतिभाशाली कलाकारों की टोली शामिल है।